CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम: 16° C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत बिहार में लड़ेंगे चुनाव पेज 2



जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब खेल टाइम्स



मानव जीवन में मादक पदार्थों के नुकसान तथा उनसे बचाव सम्पादकीय




हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदी छोड़े पेज 12

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**पाकिस्तान** में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक -ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।



दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजरायल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी हैं। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। टीएलपी ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में मार्च किया। ये -शेष पृष्ठ दो पर

- **टीएलपी का दावा, गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे कार्यकर्ता, 1500 से ज्यादा लोग घायल**
- **पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े**

## गायिका नेहा राठौर की मुकदमा रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के पहलगाम हमले पर कथित भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में दर्ज मुकदमा रद्द करने की उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मामले की जांच जरूरी बताया गया था। पीठ ने कहा कि आरोप तय करते समय याचिकाकर्ता कथित तौर पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के सहित कुछ आरोपों को रद्द करने का मुद्दा उठा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'कोल्ड्रिफ' बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टीएनएफडीए) के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन (डीवीएसी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत (पीएमएलए) की जा रही है।

### मेरठ: पुलिस मुठभेड़ में इनामी निक्की ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ देहात के सरूरपुर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मेरठ देहात के बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जिस पर लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न समेत कई आरोप थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सरधना-बिनौली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इसके बजाय, सवार ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक पुलिसकर्मी गोली लगने के बाद बाल-बाल बच गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर घायल हो गया और अपनी बाइक से गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और एक अपंजीकृत बाइक बरामद की गई।एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहज़ाद पहले भी कई मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है।

# बिहार चुनाव से पूर्व लालू परिवार को बड़ा झटका

## लालू यादव, राबड़ी देवी व तेजस्वी के खिलाफ IRCTC घोटाले में आरोप तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।



**नई दिल्ली: लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपों पर सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते हुए।**

- **सीबीआई के आरोप: लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते समय अनुचित तरीके से दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए ठेके दिए**

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बड़गांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचुनाव 11 नवम्बर को कराए जाने हैं। इन सभी चुनााव की मतगणना 14 नवम्बर को कराई जाएगी।

# करूर भगदड़: सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवासी नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितम्बर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी।

- **तीन सदस्यीय कमेटी निगरानी करेगी, एक्टर विजय की रैली में 41 लोगों की हुई थी मौत**






# नेपाल के बाद मेडागास्कर में जेनजेड ने तख्ता पलट किया

**एंटानानारिवो।** नेपाल के बाद अफ्रीकी देश मेडागास्कर में भी जेनजेड प्रोटेस्ट की वजह से तख्तापलट हो गया है। विपक्षी पार्टी ने दावा किया है कि राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना देश छोड़कर फरार हो गए हैं।

संसद में विपक्षी नेता सिटेनी रंद्रियाना सोलोनिको ने बताया कि सेना का प्रदर्शनकारियों को समर्थन मिलने के बाद राष्ट्रपति रविवार को देश छोड़कर भाग गए। मेडागास्कर में पानी और बिजली की कमी की वजह से 25 सितम्बर को देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। इससे पहले प्रेसिडेंट ऑफिस ने कहा था कि राष्ट्रपति राजोएलिना सोमवार रात 9.30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) देश को संबोधित करेंगे। एक सैन्य सूत्र ने रायटर्स को बताया कि राजोएलिना ने रविवार को एक फ्रांसीसी मिलिट्री प्लेन से देश छोड़ दिया। फ्रांसीसी रेडियो ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एक समझौता किया था। फ्रांसीसी सेना का एक कासा विमान रविवार को मेडागास्कर के सैंटे मैरी एयरपोर्ट पर उतरा।

- **पानी की कमी से शुरू हुआ था प्रदर्शन, राष्ट्रपति मिलिट्री प्लेन से फ्रांस भागे**

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
**जल्द जरूरत है !**
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड बनने के नियमों में बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली 44 हजार पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती में अब सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय सेवाओं में नियमित रूप से कार्यरत व्यक्ति आवेदन नहीं कर सकेंगे। पहले ऐसे कर्मी होमगार्ड बनने के लिए पात्र होते थे। होमगार्ड विभाग ने इसमें बदलाव करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद सार्वजनिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मी होमगार्ड भर्ती के लिए बनने वाले एनरोलमेंट बोर्ड में आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। होमगार्ड भर्ती के लिए एनरोलमेंट की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इसके आवेदन जिलेवार ऑनलाइन लिए जाएंगे। एनरोलमेंट वास्तविक रिक्तियों के सापेक्ष होगा, जिससे लाखों युवाओं को आवेदन करने का मौका मिलेगा।

### कैडेट अंतरिक्ष के माता-पिता बोले- बेटे ने नहीं की आत्महत्या

**बहराइच।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम को सुमेरपुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। परिवार शोक में डूबा है। परिजनों ने अंतरिक्ष की मौत को आत्महत्या न मानते हुए आरोप लगाया कि सेना के अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है, उन्हें सीसीटीवी रिकार्डिंग तक नहीं दिखाई गई। माता-पिता और भाई का कहना है कि अंतरिक्ष रात 10.30 बजे तक बिल्कुल सामान्य था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने फांसी लगा ली। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह, जो असम के गुवाहाटी में सूबेदार पद पर तैनात हैं, ने बेटे को मुखाग्नि दी है।

# किशोर पर बालिग की तरह मुकदमे को आईक्यू-ईक्यू टेस्ट अनिवार्य

**प्रयागराज, वार्ता**



**किशोर न्याय बोर्ड किसी बच्चे पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता: हाईकोर्ट**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराधों में किशोर पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आईक्यू और ईक्यू टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) किसी बच्चे पर बालिग (वयस्क) की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता। उसका मानसिक-भावनात्मक परिपक्वता का वैज्ञानिक और कठोर मूल्यांकन आवश्यक है।

कोर्ट ने इसके लिए जेजे बोर्ड और बाल न्यायालयों के लिए 11 अनिवार्य दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार किया है जिनका पालन तब तक किया जाएगा, जब तक कि विधायिका इस संबंध में स्वयं कोई कानून नहीं बना लेती। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने प्रयागराज निवासी किशोर की याचिका पर दिया है। जार्जटाउन थाने में 2019 में किशोर पर हत्या सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराध के समय किशोर की उम्र 17 साल छह महीने 27 दिन थी। जेजे बोर्ड ने उस पर पहले से दर्ज दो मुकदमों, जिला परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट, प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर हत्या और अन्य अपराधों के परिणामों को समझने में सक्षम पाते हुए एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। अपीलीय न्यायालय ने भी जेजे बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को किशोर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि किशोर न्याय बोर्ड, अपीलीय न्यायालय की ओर से उम्र निर्धारण के लिए किया गया प्रारंभिक मूल्यांकन कानून के अनुसार नहीं है और अविश्वसनीय है। बच्चों की उम्र का निर्धारण करने के लिए बौद्धिक क्षमता द्धआईक्यूऋ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्धईक्यूऋ का मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के लिए मानकीकृत उपकरणों जैसे बिनेट कामत टेस्ट, विनलैंड सोशल मैच्योरिटी स्केल (वीएसएमएस), भाटिया बैटरी टेस्ट आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही रिपोर्ट में उपयोग की गई कार्यप्रणाली का उल्लेख होना चाहिए। जघन्य अपराध करने की बच्चे की शारीरिक और मानसिक क्षमता और उसके परिणामों को समझने की उसकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किए जाएंगे। बोर्ड परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी को 15 दिन के भीतर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दो सप्ताह के भीतर बच्चे की और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जघन्य अपराध के मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एक महीने के भीतर गवाहों के बयान और जांच के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। बच्चे के किसी भी पिछले अपराध में संलिप्तता की संख्या और प्रकृति का विवरण देना होगा।

# एक लाख का इनामी गुरुसेवक ढेर, साथी फरार

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गुरुसेवक मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी की क्राइम ब्रांच और लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि बुद्धेश्वर निवासी योगेश पॉल की हत्या कर वाहन लूटने वाला बदमाश गुरुसेवक, शाहजहांपुर के पुवायां में भी अपने साथी के साथ अवनीश दीक्षित की हत्या कर चार पहिया वाहन लूट चुका है। वह उसी वाहन को बेचने के इरादे से मोहान रोड होते हुए आउटर रिंग रोड की ओर जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीमों ने जीरो प्वाइंट और आउटर रिंग रोड कट पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन पहुंचा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी तेज कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर गाड़ी फंस गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी झाड़ियों में भाग निकला। घायल बदमाश को तत्काल रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

**■ कोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाई**

कानपुर के सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के दुर्गा विहार निवासी विमल ने 25 दिसम्बर 2022 को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोलंकी के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, शाहिद लारी और कमर आलम के खिलाफ भी मारपीट, रंगदारी, धमकी समेत सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी जाजमऊ स्थित आराजी संख्या 963 जिसका रकबा एक हजार वर्ग मीटर जमीन था। विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, कमर आलम और शाहिद लारी ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। डीएम से शिकायत पर लेखपाल ने जाकर जांच की और पुलिस के द्वारा कार्रवाई करके जमीन कब्जा मुक्त कराने की बात भी लिखी थी। जब इन लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया था, तो दर्शाया कि आराजी संख्या 48 की जमीन का हिस्सा है। वादी ने आराजी संख्या 48 के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह जमीन कानपुर डेवलपमेंट अथारिटी के नाम है, जिसका पूरा रकबा 77 सौ वर्ग मीटर का है।

### बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार का किया दावा

# योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत

**बलिया, वार्ता**



**■ बिहार में लड़ेंगे चुनाव, कल 153 प्रत्याशी उतारेंगे, बोले-जब जरूरत थी तो गिड़गिड़ा रहे थे अभी भी समय**

एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है।

सुभासपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बड़े बेटे अरविंद राजभर ने सोमवार को यह जानकारी ऑनलाइन दी। उन्होंने बताया कि सुभासपा बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार के आधार पर अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। अरविंद राजभर सुभासपा के वर्तमान में प्रधान राष्ट्रीय महासचिव है। अरविंद ने एनबीटी ऑनलाइन से कहा कि यूपी की तर्ज पर उनकी पार्टी बिहार में भी एनडीए गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थी। इसके लिए एनडीए गठबंधन की अगुआ बीजेपी के सभी संबंधित लीडरों से लगातार संपर्क बना हुआ था। अरविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि बिहार बीजेपी स्टेट यूनिट से गठबंधन को लेकर सकारात्मक रिपोर्ट बीजेपी टाप लीडरशिप को नहीं दी गयी है। इसके बाद एनडीए की ओर से इस बाबत (बिहार विधानसभा गठबंधन) अब तक कोई सकारात्मक संकेत उन्हें नहीं मिले हैं। इस बाद अरविंद ने बताया कि यूपी में बीजेपी और सुभासपा के कोआर्डिनेटर राज्यसभा सदस्य डाक्टर दिनेश शर्मा को सुभासपा के अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय से उन्होंने भिज्ञ करा दिया है। इस बीच अरविंद ने बताया कि बीजेपी के अन्य शीर्ष नेताओं को भी निर्णय से संबंधित सूचना उनकी ओर से भेज दी गयी है। अरविंद ने बताया कि उनके पार्टी की ओर से सोमवार को 35 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की तैयारी है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएं। अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा किसी समझौते या दावे के बजाय बिहार में अपने संगठन की ताकत पर भरोसा करती है।

### राजनीति के दगे हुए कारतूस हैं ओपी राजभर: सपा सांसद पांडेय

**बलिया।** सपा सांसद सनातन पांडेय ने भाजपा के स्वदेशी अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग और देश के पीएम वही कहते हैं, जो नहीं करते हैं। इन लोगों ने कहा था कि दीपावली में चीन से आने वाली लाइटों का उपयोग नहीं किया जाएगा। हकीकत यह है कि आज पूरे देश में चीन की लाइटें बिक रही हैं। सांसद सनातन पांडेय ने डाक बंगले में बातचीत में कहा कि कहा कि मुझे भी स्वदेशी की बात पसंद है। हम भी स्वदेशी अपनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा को देश और स्वदेशी पर विश्वास ही नहीं है। चीन से सटी हमारी सीमाएं कम हुई हैं। इन्हें बताना चाहिए था कि भारत की सीमाएं क्यों घटी हैं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा आजमगढ़ की एक सड़क के विकास को मॉडल के रूप में दिखाते हुए योगी सरकार की तारीफ पर सांसद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का यह बयान बता रहा है कि वह अंदर से डरे हुए हैं। भाजपा में मंत्री बनने के बाद जहुराबाद का उन्होंने कितना विकास कराया।

बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए की तरफ से सीटों में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि बिहार के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व को गलत फीडबैक दिया है। इसकी सज़ा बिहार के लोगों को मिलेगी। उन्होंने 153 सीटों पर लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में हम एक मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे।



**सेंसेक्स** 82327.05
**निफ्टी** 25227.35



**सोना रु.** 124155
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 175325
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही दिन 173.77 अंक (0.21 प्रतिशत) उतरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ।

पिछले दो कारोबारी दिवसों पर हरे निशान में बंद होने वाला सूचकांक आज 450 अंक से ज्यादा की गिरावट में खुला था, लेकिन बाद में कुछ हद तक उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 58 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट में 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,118 के शेयर हरे निशान में, 1,974 के लाल निशान में बंद हुए, जबकि 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली का जोर ज्यादा रहा।

वहीं बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टरों के शेयरों में लिवाली अधिक हुई। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप-50 में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.46 प्रतिशत और इंफोसिस का 1.40 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। मुनाफे में रहने वालों में अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.04 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.32 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 0.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.79 प्रतिशत की तेजी में रहा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट हावी रही। जापान का निक्केई 1.01 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत की बढ़त में थे।

### चांदी एक दिन में 10,825 महंगी 1.75 लाख पार पहुंची, सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ए 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेंहू में मंदी रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 48 रिंगिट घटकर 4,496 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.20 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 107 रुपए बढ़कर 3,852.25 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव 13 रुपए टूटकर 2,851.67 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटे की कीमत भी 22 रुपए घटी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 78 रुपए और सोया तेल की 41 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 89 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 28 रुपए और वनस्पति 68 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 135 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 127 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 143 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 125 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 193 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7903.22 रुपए, मसूर काली 8153.44 रुपए, मूंग दाल 10118.90 रुपए, उड़द दाल 10429.94 रुपए, तुअर दाल 10536.24 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पाकिस्तान में...**

प्रदर्शन 9 अक्टूबर से जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर कैंप लगाए थे, लेकिन भारी बैरिकेडिंग के बावजूद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 170 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल किया। यहां मीडिया कवरेज भी बैन है। वहीं, टीएलपी नेता साद रिजवी ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि गिरफ्तारी कोई समस्या नहीं है, गोलियां कोई समस्या नहीं हैं, शहादत हमारी नियति है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

### पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह गोपीनाथन हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके केरल मूल के के. गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गोपीनाथन कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, कांग्रेस सांसद शशि कांत सेंथिल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गोपीनाथन ने 2019 में नौकरी से त्यागपत्र दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाते हुए उनका परिचय देते हुए कहा कि देश के दलित और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति जुनून रखने वाले और हमेशा न्याय और एकता के लिए लड़ने वाले बहादुर नौकरशाहों गोपीनाथन की पहचान है। गोपीनाथन का कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है।

# नकली कफ सिरप: यूपी में नारकोटिक्सस टीमों के ताबड़तोड़ छापे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ताल, मेडिकल स्टोर सील**

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने जिले भर में छापे मारे।

लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में टीमों ने 10 जगह पर छापा मारकर जांच की। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर (एक लखनऊ व एक सीतापुर में) सील किए गए। अफसरों का कहना है कि गुजरात की एक फर्म जिसका डिपो लखनऊ में है, के जरिए नारकोटिक्स की दवाओं व कफ सिरप की आपूर्ति कई जिलों में की गई थी। एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि छापे के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को लखनऊ बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म की जांच की। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर जांच की गई जिसमें फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। नारकोटिक्स औषधियों का भंडारण संतोषजनक नहीं था। फर्म के जरिए भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप विक्रय में अनियमितता मिली। बिक्री से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ब्रजेश ने बताया इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं, जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो है। गुजरात की इस फर्म के जरिए बड़ी तादाद में कोडिन सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा था। अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का कहना है इस मेडिकल स्टोर ने बड़ी तादाद में कफ सिरप व नारकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बाटल कोडिन कफ सिफ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, ट्रक चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। थाने के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, थाना कसेरवा क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी दाऊद पुत्र नसीम अपने साथी अनवर के साथ बाइक से गांव से फुलत जा रहा था। बताया गया



कि जब दोनों रतनपुरी थाने के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दाऊद को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता नसीम पुत्र सुबेदिन निवासी शाहपुर, थाना कसेरवा ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगरः दीपावली से पहले नगर के बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है।

# मीनाक्षी के विकास विजन पर पालिका बोर्ड ने लगाई मुहर

## नगरवासियों को दीपावली का तौहफा, 80 करोड़ की विकास योजनाओं वाले 128 प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर की विकास यात्र को नई रफ्तार देने के लिए अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने लगभग 80 करोड़ रुपये के 128 विकास कार्यो से जुडे प्रस्ताव ध्वनिमत से पास कराकर नगर वासियों को दीपावली का तौहफा दिया है।

सोमवार को टाउनहाल स्थित सभागार में हुई नगर पालिका बोर्ड की बहुप्रतीक्षित बैठक में 128 प्रस्ताव वाला बड़ा एजेंडा लाइट खरीद, आवारा पशु और कम्पनी बाग के पेड़ कटान प्रकरण पर हुए हंगामे के बीच सहमति से पारित हो गया। मीनाक्षी स्वरूप ने इस एजेंडे के सहारे शहर के भविष्य में एक चहुंमुखी विकास के एजेंडे को प्रस्तुत किया। विकास योजना के अंतर्गत शहर के 55 वार्डों में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें सड़क निर्माण, जल निकासी के लिए नाली निर्माण होंगे तो वहीं करीब 30 करोड़ रुपये पेयजल सुधार, पथ प्रकाश व्यवस्था को संवारने और कर्मचारियों के हितों तथा अन्य कार्यो पर खर्च किये जायेंगे। फैंसी लाइटों से शहर की प्रमुख सड़क भी जगमग रोशन होंगी।

यह उनके कार्यकाल का अब तक सबसे बड़ा विकास एजेंडा था। करीब दो साल से नई लाइटों की खरीद का मामला शिकायतों और जांच में अटक जाने के कारण बोर्ड में लाइट खरीद के लिए लाये गये सभी प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किये गये। पालिकाध्यक्ष ने लाइट खरीद के साथ ही हाईमास्ट लाइट, फैंसी स्ट्रीट लाइट और सेमी हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए अलग अलग प्रस्ताव शामिल किये हैं।

इनमें एटूजैड चौराहा, सुरेन्द्र नगर कालोनी चौराहा, नई मंडी चौराहा सहित अन्य पांच स्थानों पर 16 मीटर हाईमास्ट लाइट लगेंगी। नई मंडी, गांधी कालोनी, पटेलनगर, गांधीनगर,



कूकड़ा, प्रेमपुरी ईदगाह, हनुमान चौक आबकारी रोड, अंसारी रोड, सदर बाजार में 72 से 84 वॉट की सिंगल हैंड एलईडी फैंसी लाइट लगाने की योजना है। 75 और 45 वॉट की करीब 3000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदने के प्रस्ताव भी मंजूर हो गये। इसके साथ ही पालिका में सीमा विस्तार के बाद कार्य विभाजन के प्रस्ताव को भी बोर्ड ने अपनी हरी झंडी दी है। इसमें पालिका के वर्तमान में बने 55 वार्डो को 8 हल्कों के बजाये 12 हल्कों में विभाजित करने का प्रस्ताव है, ताकि कर्मचारियों पर कार्य का बोझ कम होने के साथ ही लोगों को सुलभ व्यवस्था बने। इसमें सभासदों ने कहा कि कुछ विस्तारित क्षेत्र छूट गये हैं, इनको भी शामिल किया जायेगा। अचल सम्पत्ति नामांतरण के लिए अंतिम निर्णय के अभाव में लटकी 650 दाखिल खारिज की पत्रावलियों का निस्तारण कराने के लिए बोर्ड द्वारा अधिशासी अधिकारी को अधिकार देने का निर्णय लिया है। अब इनका निस्तारण भी तेजी से किया जायेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बोर्ड मीटिंग संपन्न होने के बाद कहा कि आने वाले महीनों में शहरवासियों को जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

**करीब 46 करोड़ रुपये की लागत से 250 नई सीसी सड़कों का निर्माणः** पूर्व पीएम स्व. चरण सिंह के नाम पर बनेगा चौराहा, लगेगी प्रतिमा, जिला अस्पताल में वीतराग स्वामी कल्याण देव की प्रतिमा लगेगी, पालि. का कार्यालयों में कुर्सी खरीद के साथ ही अब सभागार में बदली जायेंगी सभासदों की कुर्सी, नई कुर्सी खरीदने का प्रस्ताव पारित, पेयजल आपूर्ति सुधार के लिए तीन नये नलकूप, चार स्थानों पर 10 एचपी की छोटी नलकूप और करीब तीन हजार मीटर नई पाइप लाइन, 3000 नई 45 से 75 वॉट की नई एलईडी स्ट्रीट लाइट, पांच स्थानों पर हाईमास्ट लाइट, कई स्थानों पर फैंसी लाइट लगेंगी, भोपा रोड पर जीवन प्रकाश हॉस्पिटल से विश्वकर्मा चौक तक करीब 1.97 करोड़ की लागत से नाला निर्माण, कलेक्ट्रेट के पार्किंग स्थल पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य, सरकूलर रोड का निर्माण कार्य तीन हिस्सों में होगा। भगीरथी चौक से एटूजेड चौराहे तक, एटूजेड चौराहे से रेलवे क्रासिंग तक करीब चार करोड़ रुपये और नाला की दीवार बढ़ाने के लिए 12.80 करोड़ रुपये भी पालिका खर्च करेगी।



## कम्पनी बाग में हरे पेड़ काटने पर जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में हुई बोर्ड बैठक चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में कुछ देर विलंब से शुरू हुई बैठक वंदे मातरम के साथ प्रारंभ हुई। सभासदों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही के देर से पहुंचने और शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई। कम्पनी बाग में फलदार पेड़ों की कटाई पर सभासदों ने वाटिका प्रभारी और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही को कठघरे में खड़ा कर दिया। सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, नौशाद ख़ान और मोहम्मद ख़ालिद ने तीखी आवाज़ में सवाल उठाए 'जब हरियाली ही ख़त्म हो जाएगी तो शहर का सौंदर्याकरण कैसा?' सभासदों का कहना था कि कम्पनी बाग का सौंदर्याकरण पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता। वहाँ बेल, लीची और अमरूद जैसे फलदार पेड़ थे जो स्थानीय लोगों के लिए ताज़गी का प्रतीक थे। डॉ. अजय प्रताप शाही ने सफाई दी कि पेड़ों की कटाई 'कार्य योजना' का हिस्सा नहीं थी और यह कार्यदाई संस्था की गलती थी, लेकिन सभासद इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने शाही को हटाने और एफआईआर दर्ज कराने की मांग रख दी। ईओ ने सदन को आश्वस्त किया कि जाँच पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। साथ ही यह भी बताया कि चार फलदार पेड़ बिना अनुमति के काटे गए हैं और इसकी रिपोर्ट वन विभाग को भेजी जा रही है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को फिलहाल काम रोकने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग से नुकसान का आकलन कराया जाएगा और संस्था से जुर्माना वसूला जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के जवाब से असंतुष्ट सभासदों ने हंगामा किया, जिस पर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने उनका लिखित स्पष्टीकरण मांगा। वार्ड सभासद देवेश कौशिक ने एलईडी लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। 1350 रूपये में खरीदी गई लाईट अब चेहते ठेकेदारों से 4920 रूपये में क्यो खरीदी जा रही है?

## कांग्रेस ने घोषित किए नगर पंचायत अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के अध्यक्ष अजय राय ने जनपद मुजफ्फरनगर के नगर पंचायत अध्यक्षो की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया ने बताया कि नगर पालि. का खतौली के अध्यक्ष दिलशाद सिद्दीकी को बनाया गया जबकि शराफत अली को बुढ़ाना, सुदेश कुमार को भोकरहेडी, राकेश शर्मा को सिसौली, मनोज पाल को चरथावल, मुन्ना ठेकेदार को मीरांपुर, योगेश कुमार को शाहपुर, इंतेसार को पुरकाजी तथा सलमान को नगर पंचायत जानसठ का कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उक्त अध्यक्षों ने अपनी-अपनी नगर कमेटी भी जिलाध्यक्ष की अनुमति से घोषित कर दी है।

# डीएम ने कांस्य पदक विजेता को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 13 अक्टूबर 2025 जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा कु. प्रीति पाल पैरा ओलंपिक एवं अर्जुन अवॉर्डी, पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 100 मीटर में रजत पदक एवं 200 मीटर में कांस्य पदक विजेता को प्रतीक चिन्ह देकर एवं पटका पहनाकर डीएम द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कु. प्रीति पाल अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी के पिताजी अनिल कुमार,उनके चाचा एवं उनका भाई विवेक कुमार एवं जिला खेल कार्यालय भूपेंद्र सिंह यादव उप क्रीड़ाधिकारी, अंशकालिक प्रशिक्षक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही इस अवसर पर हर्षप्रीत सहरावत अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड के लोगों से ठगे लाखों

## एसपी देहात से सांझक के युवक की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** लोग रातों रात मालदार बनने के लिए किसी हद से भी गुजरने से पीछे नहीं हट रहे। कभी कोई फर्म बनाकर उसमें मोटा मुनाफा करने का लालच देकर तो कभी दो गुना पैसे कमाने का लालच देकर भोल भाले लोगो को अपना शिकार बना रहे है इतना ही नहीं दर्ज मुकदमें में गौर की जाए तो कई विभाग के रिटायर्ड अधिकारी व मौजूदा अधिकारी भी ठगी का शिकार हो चुके है। जनपद में विदेश भेजने के नाम पर भी बेरोजगार लोगों को ठग अपना शिकार बना रहे है। सोमवार को भी एक मामला एसपी देहात के दरबार मे आया जहां पीड़ितों ने अपनी पीड़ा सुनाते हुए अपनी शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई।

उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के गांव लंढ़ौरा निवासी मुकर्रम अकरम व गांव घिस्सुपुरा के रहने वाले परवेज व नवाब एसपी देहात आदित्य बंसल से मिले और बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सांझक निवासी एक व्यक्ति ने दुबई भेजने का झांसा देकर उनसे लाखों रूप्ये की ठगी कर ली है। पीड़ित ने बताया कि विदेश में अच्छी नौकरी पाने के लालच में उन्होने सवा छह लाख रूपये दिए जिनमें कुछ ऑनलाइन दिए गए तो कुछ नगद दिए गए। आरोपी ने वादा किया था कि सितम्बर माह में उन्हे दुबई भेज दिया जाएगा।

जब वह अपने घर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो आरोपी ने उन्हे एयरपोर्ट में प्रवेश कराते हुए उनको हवाई टिकट और विजा भी सौंप दिया था, लेकिन उनकी चैकिंग हुई तो पता चला कि सभी कागजात फर्जी है उधर आरोपी ने एयरपोर्ट के अंदर जाने के बाद अपना मोबाइल बंद कर दिया था। तभी से वह आरा. पी से पैसे की मांग कर रहे है, लेकिन न तो उनके पैसे दिए गए और उनको धमकी भी दी जा रही है।

एसपी देहात ने पीड़ितों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सिविल लाइन पुलिस ने अवैध पटाखे पकड़े

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों, आतिशबाजी व अवैध भण्डार के विरूद्ध चलाए गए अभियान में टिंकू पुत्र नसीम निवासी कम्बल वाली गली कोतवाली व रिजवान पुत्र उस्मान निवासी हुनमान चौक को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि एक सूचना के आधार पर एक मकान में छापेमारी की गई जहां पुलिस को अवैध रूप से पटाखों का भंडार मिला यह पटाखे बेचने के लिए लाए गए थे। पुलिस ने लिखापढ़ी कर दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# छह ट्रांसफार्मर चोर गिरफ्तार, चार बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने जंगलों से बिजली का सामान व ट्रांस्फमर चोरी करने वाले गिरोह के आधा दर्जन लोगों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है इनमें चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए है।

पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों के विरूद्ध करीब 140 मुकदमें दर्ज है और इस दौरान पुलिस ने 11 घटनाओं का खुलासा करते हुए उनके पास से चोरी किया गया सरकारी सामान, दो कारे, बाइक, अवैध असलाह बरामद करने का दावा भी किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि तितावी पुलिस ने रविवार की रात पानीपत खटीमा मार्ग पर चैकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में आए कार दो कारों में सवार लोगों को रूकने के लिए कहा।

इसी बीच बाइक पर भी संदिग्ध लोग दिखाई पड़े। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो बदमाश



फरार होने लगे। इस दौरान पुलिस व बदमाशों के बीच फायरिंग हुई जिसमें आरिफ पुत्र हाकम, राशिद उर्फ पप्पू पुत्र इरफान निवासी सरधना मेरठ, समीर उर्फ शहजाद पुत्र इस्लाम निवासी गाजियाबाद, अरपुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मेरठ पुलिस की गोली से घायल हो गए, जबकि पुलिस ने सोनू पुत्र अजीत निवासी गोविंदपुरी मोदी नगर और जानू उर्फ जान मौहम्मद पुत्र जलालूदीन को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने इनके दो साथी फरार हो बताया है।

# यूरिया की काला बाजारी में तीन दबोचे

**फर्जी कागजों पर बेचते थे किसानों को यूरिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सिखेडा पुलिस ने कृषि विभाग के सहयोग से फर्जी कागजों पर यूरिया बेचने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 80 बैग बरामद होना बताया है। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिसव प्रशासन की सूचना पर फर्जी दस्तावेजों के नाम पर यूरिया की काला बाजारी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कृषि विभाग ने भी बदमाशों की गिरफ्तारी में सहयोग किया है और बदमाशों के पास से यूरिया के 80 बैग व फर्जी दस्तावेजों का बरामद होना बताया है। उन्होने बताया कि पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की सूचना पर कृषि विभाग और सिखेडा पुलिस ने सीओ मंडी राजू साव के साथ मिलकर एक वाहन को अपने कब्जे में किया जिसमें 80 बैग यूरिया के बरामद हुए। छानबीन के बाद पता चला कि दस्तावेज फर्जी है और इसमें नया गांव निवासी रमन पांडेय और लक्ष्मण विहार निवासी उमंग वशिष्ठ व किदवईनगर निवासी इंतेजार को गिरफ्तार किया गया। इसमें यह गिरोह फर्जी दस्तावेज के आधार पर यूरियो को श्रीराम बायोटैक इंडिस्ट्रीज ले जाते थे और मुंह मांगे दाम पर बेचते थे।






# मार्ग निर्माण में घटिया सामग्री लगाने से भड़के किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी -शुक्रतारी मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।जहां किसानो ने मार्ग निर्माण मे घटिया सामग्री प्रयोग करने व अवर अभियंता द्वारा ठेकेदार से सांठगांठ करने आरोप लगाते हुए हंगामा किया है। ग्रामीणों ने भृष्ट अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मार्ग निर्माण को मानको के अनूरुप करने की मांग की है।

कस्बा भोकरहेडी के मोहल्ला कुंवापटी निवासी राहुल सहरावत, हनी कुमार, सुमीत सहरावत, मंकुल,आकाश,पिंकू, अभिषेक आदि ने बताया की उनके खेत शुक्रतारी मार्ग पर हैं। भोकरहेड़ी से शुक्रतारी मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जिसमे घटिया सामग्री लगाई जा रही है। यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया, तो वे कार्य रुकवाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मौके पर जांच कराने और मानक अनुसार कार्य करवाने की मांग की है। कस्बे वासियों का कहना है कि सड़क वर्षो बाद बन रही है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क बनने से पहले ही खराब होने की आशंका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर निर्माण कार्य में गुणवत्ता से नहीं कराया गया तो सड़क शीघ्र ही टूट जायेगी। जिससे सरकारी धन की बर्बादी होगी। निर्माण सही न होने पर ग्रामीण कार्य को बंद कराने को मजबूर होंगे।

## आसिफ वक्फ सर्वे के कोऑर्डिनेटर हुए नामित

**बुढ़ाना।** सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ मुजफ्फरनगर आफिस की ओर से जारी एक महत्वपूर्ण पत्र के अनुसार बुढ़ाना निवासी मौहम्मद आसिफ़ कुरैशी को वक्फ संपत्तियों के सर्वे कार्य के लिए कोऑर्डिनेटर नामित किया गया है। ये नियुक्ति वक्फ आयुक्त कार्यालय लखनऊ द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में की गई है। जो उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत की गई है।

वक्फ संपत्तियों के कार्य में सहयोग के लिए प्रत्येक जिले में कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ मुज़फ्फरनगर द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण व पारदर्शिता की दिशा में ये एक अहम कदम है। कोऑर्डिनेटर के रूप में नामित व्यक्तियों को वक्फ संपत्तियों के फीडिंग कार्य, सत्यापन व दस्तावेज़ीकरण से संबंधित सभी तकनीकी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मौहम्मद आसिफ़ कुरैशी को यह जिम्मेदारी उनके सामाजिक कार्यों, अनुभव और संगठनात्मक दक्षता को देखते हुए सौंपी गई है। उन्हें जिले में वक्फ संपत्तियों के समन्वय एवं निगरानी कार्य का उत्तरदायित्व दिया गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि कोऑर्डिनेटर नियुक्त व्यक्तियों को वक्फ संपत्तियों की जानकारी को सही ढंग से पोर्टल पर अपलोड करने, आवश्यक दस्तावेज़ एकत्रित करने तथा संबंधित विभाग से तालमेल बनाए रखने का कार्य सौंपा गया है। मौहम्मद आसिफ़ कुरैशी ने इस दायित्व पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे कोऑर्डिनेटर के रूप में जो जिम्मेदारी दी गई है वह मेरे लिए एक सम्मान की बात है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ वक्फ संपत्तियों के संरक्षण डिजिटलीकरण के कार्य में पूर्ण योगदान दूंगा।

## डिग्री कॉलेज में एक दिन की प्राचार्या बनी दीक्षा



**बुढ़ाना।** आज राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम 'मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत डीएवी महाविद्यालय बुढ़ाना में प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार द्वारा बीएससी की छात्रा दीक्षा सैनी को एक दिन की प्राचार्या बनाया गया। पदभार संभालने के बाद दीक्षा सैनी ने सर्वप्रथम महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें चल रही कक्षाओं में शिक्षण की गुणवत्ता एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति का पूरा ब्यौरा तथा उनके पाठयक्रम पूर्ण होने की स्थिति का अवलोकन किया गया। उसके पश्चात कार्यालय का निरीक्षण करते हुए सभी कर्मचारियों को निर्देशित कर कहा गया कि छात्र छात्राओं की कार्यालय से सम्बंधित किसी भी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाये। इसके पश्चात महाविद्यालय की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया तथा छात्र छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस पहनकर समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर संजय कुमार मिश्र वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड बुढ़ाना मौजूद रहे। उन्होने एक दिन की प्राचार्या दीक्षा सैनी को प्राचार्य के कार्यो, जिम्मेदारियो तथा प्राचार्या किस प्रकार से छात्राओं के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित हो सकते है इत्यादि जानकारियों से अवगत कराया। प्राचार्या दीक्षा सैनी ने छात्रो की शिकायत सुनने के लिए महाविद्यालय में एक शिकायत पेटिका स्थापित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जोनी कुमार, डॉक्टर निधि स्वामी, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, सुनील पांचाल और देव तोमर आदि उपस्थित रहे।

## अपहर्ता नवयुवती को पुलिस ने किया बरामद

**फुगाना।** पुलिस ने एक अपहर्ता नवयुवती को बरामद कर उसे ब्यान हेतू मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। बीते 9 अक्टूबर को फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने फुगाना पुलिस को बताया था कि कुलदीप पुत्र जगेश्वर निवासी गांव तितरवाडा शामली उसकी 18 वर्षीया बहन को बहला फुसलाकर रात्रि में अपहरण कर ले गया है। तब फुगाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक टीम गठित की। काफी मशक्कत के बाद टीम ने सोमवार को उक्त नवयुवती को एक स्थान से बरामद कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। टीम का नेतृत्व दारोगा कौशेन्द्र तोमर ने किया था। जिसमें कांस्टेबल अजय तेवतिया, अमित व महिला कांस्टेबल मनतेश थी। उधर नवयुवती के परिजनों ने अपनी पुत्री की बरामदगी पर प्रसन्नता जाहिर कर फुगाना पुलिस का धन्यवाद किया। दूसरी और फुगाना पुलिस ने शांति भंग करने का प्रयास कर रहे तीन ग्रामीणों को पकडकर जेल भेज दिया है। वहीं फुगाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम लोई के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एंटी रोमियो एवं साइबर जागरूकता टीम को साथ लेकर मिशन शक्ति और साइबर अपराध के संबंध में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया तथा वीडियो का प्रसारण भी कराया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम Pankaj S/o Jogendra से बदलकर Pankaj Kumar S/o Jogender Singh रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**पंकज कुमार पुत्र जोगिन्द्र सिंह**
**निवासी 1038/1, उत्तरी रामपुरी मुजफ्फरनगर**

**समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब**
**(आदेश 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0- 273 सन् 2023

1. मौ0 इनाम पुत्र स्व0 मौ0 हनीफ 2. मौ0 इकराम पुत्र स्व0 मौ0 हनीफ 3. मौ0 इस्लाम पुत्र स्व0 मौ0 हनीफ 4. श्रीमति जैबुनिशा पत्नी स्व0 मौ0 हनीफ निवासीगण ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। .......**वादीगण**

**बनाम**

1. मौ0 टीपू पुत्र फाजिल, 2. मौ0 शाहअब्बास पुत्र फाजिल, 3. अकबर रजा पुत्र बाकर रजा **निवासीगण** ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 4. अबदुल्ला पुत्र हाजी तैय्यब निवासी जहाँगीर पट्टी ग्राम सुजडू तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 5. नवाब अरशद पुत्र मौ0 अशरफ निवासी उमर खाँ मस्जिद वाली गली मकान न0. 293 खालापार तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ...**प्रतिवादी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप **दिनांक 14 अक्टूबर सन् 2025** को प्रात: 10:00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तािल्लका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा /वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 18 सितम्बर सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

## गांधी पॉलिटेक्निक एलुमनी एसोसिएशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**मुज़फ्फरनगर।** गांधी पॉलिटेक्निक प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत सोमांश प्रकाश, पूर्व विधायक की स्मृति में उन्हें समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर परिसर में आयोजित किया गया। पॉलीटेक्निक एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष इं. अजय सक्सेना व सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल ने एक संयुक्त वक्तव्य में बताया कि प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कन्दर्प स्वरूप के मुख्य आतिथ्य व पॉलीटेक्निक प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्त दान शिविर में 20 रक्तवीरों ने रक्त दान किया।

रक्त दान शिविर आयोजन में इन्जीनियर्स क्लब के संरक्षक इं. अशोक अग्रवाल, स्वामी कल्याणदेव जिला चिकित्सालय मुज़फ्फरनगर के ब्लड बैंक स्टाफ, एसोसिएशन संरक्षक इं. सतीश शर्मा, इं. मनोज गर्ग, इं. चमन लाल, इं. बिजेंद्र कुमार, इं. इशिता शर्मा, इं. संजय गोयल, इं. शिशिर गोयल, शिक्षिका बबीता देवी, अमित गंगवार, राजेन्द्र सैनी, भाजपा नेता संजय अग्रवाल, समाजसेवी अजय अनेजा, अंकुर मैनी, मैजिक डांस एकेडमी के निदेशक कोरियोग्राफर मोहन अरोरा, का विशेष योगदान रहा। शिविर का समापन टिकौला शुगर मिल के महाप्र. बंधक एच के मंगलम ने रक्तदान प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर एवं फलाहार कराकर किया।

## युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित



**मुजफ्फरनगर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद के तत्वाधान में शासन के निर्देशानुसार युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभाकक्ष मुजफ्फरनगर में किया गया। सर्वप्रथम प्रदेश के मुख्य मंत्री का लाईव कार्यकम प्रसारण को देखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष, जिला पंचायत मुजफ्फरनगर, एवं सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के कर कमलों द्वारा उपस्थित युवक / महिला मंगल दलों के अध्यक्षों को खेलकूद प्रोत्साहन किट (साम्रगी) वितरित की गयी है।

इस अवसर पर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, (मुख्य विकास अधिकारी, द्विग्विजय नाथ (जिला विकास अधिकारी, राहुल सिंह तेवतिया (जिला कृषि अधिकारी/जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द अधिकारी, अजय कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.विद अधिकारी, अर्जुन सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.विद अधिकारी, सन्नी वर्मा, व्यायाम प्रशिक्षक, राजीव कुमार, वरिष्ठ सहायक, सतीश चन्द, वरिष्ठ सहायक एवं अन्य गणमान्य सम्मानित व्यक्तियों ने भाग लिया। उक्त आयोजन के अन्तर्गत खेलकूद प्रोत्साहन साम्रगी किट अमन अली, अध्यक्ष युवक मंगल दल, बागोवाली, कु. कविता, अध्यक्षा महिला मंगल दल, कशेरवा शाहपुर, आसिफ अध्यक्ष, ककराला, वंश, अध्यक्ष उमरपुर विकास खण्ड-शाहपुर आदि को वितरण किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम नदीम से बदलकर नदीम उस्मानी कर लिया है। अब मुझे भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए नदीम उस्मानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नदीम उस्मानी** पुत्र समीउद्दीन निवासी: 1047 सरकारी विद्यालय के पास, मल्लहुपुरा मुजफ्फरनगर।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम फरहत परवीन पत्नि सईद अहमद निवासी मौहल्ला लाल मौहम्मद खतौली जिला मुजफ्फरनगर है। मैंने अपना नाम बदलकर **फरहत** (FARAHAT) रख लिया है। भविष्य में मुझे **फरहत** (FARAHAT) W/o SAEED AHMAD के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

## सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष मदन लाल वर्मा का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे के मशहूर सर्राफा व्यापारी एवं सर्राफा एसोसिएशन शाहपुर के अध्यक्ष मदन लाल वर्मा का बीमारी के चलते दिल्ली में हुआ निजी अस्पताल में निधन। उनके निधन की सूचना पर नगर के व्यापारियों में शोक की लहर दोड़ गई।

?कुछ ही देर में सैकड़ो व्यापारी और कस्बावासियो ने आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा के 70 वर्षीय पिता मदन लाल वर्मा मालदा बाग निवासी का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, अरुण मित्तल, डॉ. राजीव कुमार, पूर्व सभासद चंद्रवीर चौधरी, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल, नितिन मित्तल, अमन मित्तल, समाजसेवी प्रदीप जैन, युवा भाजपा नेता नवदीप मित्तल, भैय्या सिद्दीकी, समाजसेवी अजय शर्मा, तंबाखू वाले, जफर कुरैशी, आकिल कुरैशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, युवा समाजसेवी सचिन कर्णवाल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह चौहान, समाजसेवी मदन जैन, गोपाल बालियान रसूलपुर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, कमरूजमा सिद्दीकी, आबिद मलिक, आसिफ कुरैशी, समाजसेवी उम्रदराज कुरैशी, मणिकांत मित्तल, डॉ. राजेंद्र पवार, प्रवेश गोयल, रविंदर वर्मा, विनोद वर्मा, प्रमोद वर्मा, रिहान कुरैशी, कैफ कुरैशी, बॉबी गोयल, डॉ. नरेंद्र वर्मा, छोटन वर्मा, सुभाष पाल, बृजेश गर्ग, ठेकेदार कृष्णपाल चौधरी, सलीम कुरैशी, वरुण चौधरी, यासीन कुरैशी सब्जी वाले, अनिल वर्मा, बीरम सिंह वर्मा, हरिओम पुंडीर, जयपाल नामदेव, अनुज सैनी, तेजपाल प्रजापति, संतोष वर्मा, बॉबी सिंघल आदि लोग उनकी शवयात्रा में शामिल हुए। तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतक मदन लाल वर्मा की पत्नी हैं, वह अपने पीछे अपने एक विवाहित पुत्र तथा भरापुरा परिवार छोड़ कर गए है।

भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक ने शोकाकुल परिवार के आवास पहुंचकर परिवार के सदस्यों को अपनी शोक संवेदनाये व्यक्त की और ढांढ़स बंधाया।

## छात्रों ने की विचार उत्पादों की व्याख्या



**बुढ़ाना।** सोमवार को बीईओ किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में विक. सित भारत बिल्डथॉन 2025 कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

यहां बच्चों को उनके समूह टीम अनुसार विद्यार्थियों के विचारों उत्पादों की व्याख्या करते समय उनकी फोटो व वीडियो बनाई गई व राष्ट्रीय सजीव प्रसारण के लिए यू ट्यूब लिंक के माध्यम से बच्चों को विकसित भारत 2025 के कार्यक्रम को सुनाया गया तथा दिखाया गया। उसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि विकसित भारत का सपना हर भारतीय का सपना है। ऐसा राष्ट्र जहां हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व अवसर प्राप्त हों। आत्मनिर्भर भारत, हरित तकनीक, सामाजिक समावेशन व सतत आर्थिक विकास उनके प्रमुख आधार हैं।

हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सपना केवल शब्दों तक सीमित ना रहे बल्कि 2047 तक एक वास्तविकता बन जाए। विकसित भारत व 2047 भारत सरकार का विजन है। जिसका मुख्य उद्देश्य मौजूद बच्चों को उनके समूह टीम के अनुसार विद्यार्थियों के द्वारा विच. ारों उत्पादों की व्याख्या करते समय अपनी फोटो ली गई। यहां राष्ट्रीय सजीव प्रसारण हेतू यू ट्यूब लिंक के माध्यम से विकसित भारत बिल्डथान है कार्यक्रम को सुनाया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **मुहम्मद सुहैल** के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 04258/17/04/2012 में गलती से माता का नाम **नौशाबा (NOSHABA)** अंकित कराया गया था, जबकि माता का वास्तविक नाम **नौशाबा खानम (NOSHABA KHANAM)** है, और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतु शपथपत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**ZAREEF AHMAD** S/o ZAMEER AHMAD, R/o 3443, KAREEM NAGAR, KHALAPAR, MUZAFFARNAGAR-251002, **पूर्व पता: मौ0 खालसा पट्टी, सूजडू, मु0 नगर।**
मोब0 नं0- 9319987375.

## प्रधान संगठन ने एडीओ पंचायत पर लगाए गंभीर आरोप



**पुरकाजी।** क्षेत्र के प्रधानों ने एडीओ पंचायत पर उत्पीड़न किए जाने के मामले में प्रधान संगठन ने ब्लाक सभागार में बैठक का आयोजन कर रोष प्रकट किया है। प्रधानों ने आरोप लगाया कि एडीओ के द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने एकजुट होकर कार्रवाई की मांग की हैं।

सोमवार की दोपहर पुरकाजी विकासखंड के सभागार में प्रधान संगठन के अध्यक्ष चौधरी प्रदीप गुर्जर के नेतृत्व में प्रधान मेघराज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के प्रधानों ने भाग लिया। बैठक का संचालन करते हुए प्रधान सुनील मांड़ला आरोप लगाया कि एडीओ पंचायत सोमदत्त प्रधानों के साथ सौतेला बर्ताव कर उनका उत्पीड़न कर रहे। और वे प्रधानों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। आरोप लगाया कि एडीओ पंचायत प्रधानों से अलग-अलग मामलों में धन की उगाई करते हैं। प्रधानों में इस बात को लेकर आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने मांग रखी कि एडीओ का स्थानांतरण किसी अन्य जगह पर किया जाए। वहीं बैठक में उन्होने बताया कि 30 अक्टूबर को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह 6 जनपदों का होना है। उन्होंने सभी प्रधानों से अधिक से अधिक कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है। इस दौरान सुनील प्रधान,धीरज त्यागी, सचिन प्रधान,अनिल प्रधान,जुल्फिकार प्रधान, प्रधान विवेक चौधरी,प्रधान सुभाष, अमित प्रधान,प्रधान मेघराज प्रधान गोपाल, प्रदीप गुज्जर,प्रधान अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे है।वहीं एडीओ पंचायत सोमदत्त ने बताया कि शासन के आदेश पर सहायक विकास अधिक. ारी को पंचायत को प्रत्येक माह 7 ग्राम पंचायत का निरीक्षण करना होता है। खंड विकास कार्यालय पर ग्राम प्रधानों से अनावश्यक के रूप से विरोध कराया गया। जिसमें उन्होंने शासन के कार्य को प्राथमिकता नहीं दी। इससे स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत में धांधली का कार्य हो रहा है। जिसका वे निरीक्षण करना नहीं चाहते है

## 5 नवंबर को होगी ऐतिहासिक किसान अधिकार रैली : राकेश पुंडीर



**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस जनो की एक महत्वपूर्ण बैठक रेलवे रोड स्थित निकट साइ धाम मंदिर कांग्रेस कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया एवं संचालक कांग्रेस के पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राकेश पुंडीर ने किया बैठक मे राकेश पुंडीर ने बताया की आने वाली 5 नवंबर 2025 दिन बुधवार को गन्ने का भाव 500 कुंतल एवं किसानो के कर्ज माफी को लेकर चरथावल विधानसभा मे कांग्रेस पार्टी द्वारा एक किसान अधिकार रैली आयोजित की जाएगी जिसमे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी उत्तराखंड पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी सहारनपुर सांसद इमरान मसूद एवं कांग्रेस के अनेक बड़े नेता शामिल होगे। जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया ने कहा कि किसानो के गन्ने के भाव एवं कर्ज माफी की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा किसान के साथ रही है और रहेगी कांग्रेस सरकार ने 2008 मे किसानो के संपूर्ण कर्ज माफ कर दिए थे बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला आरिफ, कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष मुकुल शर्मा, एआईसीसी सदस्य गीता काकरान, जिला महासचिव श्याम सिंह पुंडीर, जिला महासचिव पंकज शर्मा, रविंद्र बालियान ,शहर महासचिव हर्षवर्धन त्यागी, पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल विनोद धीमान सुलेमान प्रधान रैंक जय मजदूर राजेंद्र पाल बिल्लू रामकुमार गोविंदवाल धामी राजपूत आदि उपस्थित रहे

### आज कई स्थानों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** विद्युत वितरण खण्ड बुढाना के अन्तर्गत 33 केवी लाईन कुरालसी का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए 4 बजे से लेकर साढ़े 05 बजे तक का शटडाऊन रहेगा। प्रभावित क्षेत्र कुरालसी, बिराल, परासौली, डुंगर, सरनावली, इसके अलावा 33 केवी लाईन वैल्ली का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए 10 बजे से लेकर 11 बजे तक का शटडाऊन रहेगा।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रहमान व उसकी पत्नी आयशा पत्नी रहमान आये दिन घर में कलह रखती है और मेरी व मेरी पत्नी कसीमा के कहने में नही है। रहमान व आयशा के कारण घर का माहौल खराब हो रहा है। बिना कारण मुझसे व मेरी पत्नी कसीमा व अन्य बच्चों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**लियाकत पुत्र इसवाक निवासी 112 मंडी दक्षिणी कस्बा व थाना बुढाना जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र महताब व उसकी पत्नी श्रीमती मोमिना मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमती इमराना पत्नी फैय्याज निवासी- ग्राम मुरादपुरा, थाना तितावी जिला मुजफ्फरनगर**

## किशोर की गर्दन पर आरी मारकर किया हत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बुढ़ाना।** मामूली सी बात पर एक युवक ने फर्नीचर की दुकान पर काम सीख रहे एक किशोर की गर्दन पर लोहे की आरी का पत्ता चलाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। उक्त किशोर के गले में निशान बने हैं। मामला अलग अलग सांप्रदायों से जुड़ा होने के कारण घटना को लेकर तनाव है। किशोर के गले पर पड़े कई निशान की एक वीडियो भी वायरल हो रही है। पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला कांशीराम कालोनी निवासी सादिक पुत्र शमीम बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव भसाना में प्रदीप की दुकान पर फर्नीचर बनाने का काम सीख रहा है। यहीं पर अजय नाम का युवक भी काम सीख रहा है। आज सोमवार की सायं लगभग साढ़े चार बजे किसी मामूली सी बात पर अजय ने सादिक के साथ काफी मारपीट कर लात घूंसों से पीटा और गले में भी आरी मारी। जिसमें सादिक को काफी चोटें आई। सादिक के परिजनों ने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है। परिजनों ने घायल किशोर की डाक्टरी कराकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग बुढ़ाना पुलिस से की है।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर**

संख्या: 169/आबकारी/विविध/2025-26/मु0नगर दिनांक: 13/10/25

अपील

जनसाधारण को सूचित किया गया है कि कुछ असामाजिक/अराजक तत्त्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डो से विक्रय किया जा सकता है, अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।



अवैध शराब पीनें से बचें। अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किये जाने, अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी उसकी सूचना निम्न दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ **आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाटसएप नम्बर 9454466019** पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 1, सदर, मु.नगर। | 9454466456 |
| 2-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, खतौली, मु.नगर। | 9454466458 |
| 3- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 जानसठ, मु.नगर। | 9454466838 |
| 4- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, बुढाना, मु.नगर। | 9454466526 |

**( राकेश बहादुर सिह )**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर।**

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी मुजफ्फरनगर**

पत्राक 508/विज्ञप्ति 2025-26 दिनांक 10/10/25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र लोई, मुजफ्फरनगर पर वर्ष 2025-26 में लक्षित 6.00 हेक्टेअर क्षेत्रफल में आलू बीज उत्पादन से सम्बन्धित कृषि कार्यो (कार्यसूची किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में स्टोर कीपर पटल अथवा नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है) को मजदूरी पर कराने हेतु दिनांक 25.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन गठित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जाएंगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कमला नेहरू बाटिका मुजफ्फरनगर से प्राप्त की जा सकती है। टैण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 200.00 कार्यालय कैशियर के पास जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला उद्यान अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर।**

# सात करोड़ से चमकेगी नगर पंचायत मीरापुर



**मीरापुर।** मीरांपुर के सभागार में चेयरमैन जमील की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सात करोड़ रुपये के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में मुख्य रूप से जल निकासी, सौंदर्यकरण, हाई मास्ट लाइट, स्वास्थ्य एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई।

अधिशासी अधिकारी नीलम पाण्डेय ने बताया कि नगर पंचायत मीरापुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर योजना के अंतर्गत रुका हुआ कार्य अब पुन: शुरू किया जाएगा। इस योजना के तहत लगभग एक करोड़ बीस लाख रुपये की लागत से मीरापुर बस स्टैंड से थाना चौक तक फुटपाथ में नाला निर्माण का कार्य कराया जाएगा। यह कार्य नवंबर माह से प्रारंभ होगा। बैठक में जल निकासी व्यवस्था को सुख़ढ़ करने हेतु एक करोड़ रुपये, सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए दो करोड़ रुपये तथा दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत चार करोड़ रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। इसके साथ ही नगर के प्रमुख स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाने, सरायगेट का सौंदर्यकरण, जाटों वाले मोहल्ले में सरकारी स्कूलों के सामने कुएं का सौंदर्यकरण तथा जाटों वाली पुलिया के पुनर्निर्माण से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए गए। चेयरमैन जमील अहमद ने बताया कि नगर में प्रकाश व्यवस्था सुधारने हेतु पचास सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव भी पास किया गया है। साथ ही आवारा कुत्तों व बंदरो को पकड़वाने, बाजार की सड़कों के जीर्णोद्धार तथा मुंतजिर कॉलोनी सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य नवंबर माह से शुरू करने की योजना है। इस अवसर पर नगर पंचायत मीरापुर के सभी सभासद एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।चर्चाएं आम है की प्रस्ताव तो पारित हो गया विकास कार्य का परंतु कब विकास कार्य होगा क्योंकि नगर पंचायत में काम करने वाले ठेकेदारों से अभी तो सेटिंग बनानी पड़ेगी जो ज्यादा कमीशन देकर काम करेगा उसको काम दिया जाएगा। 50 प्रतिशत तो कमीशन चाहिए भ्रष्टाचार्यों को कमीशन मिलने की संभावनाएं कम है क्योंकि नव आगंतुक अधिशासी अधिकारी ईमानदार नजर आती है अधिशासी अधिकारी पर दबाव तो आते ही बहुत बनाया गया परंतु बेबस हो गए इन भ्रष्टाचार्यों का पूर्व में भी एक उदाहरण ऐसा ही है कि इन लोगों ने एक चर्चित किसान संगठन से सेटिंग करके अपने ही नगर पंचायत में पूर्व में रहे एक अधिशासी अधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन का नाटक भी कर दिया था और उसका ट्रांसफर करने में कामयाब हो गए थे

# ब्राज़ील में भी बजा अधूरा ख़्वाब मूवी का डंका




**बुढ़ाना।** साइड हीरो एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म अधूरा ख्वाब को ब्राज़ील न्यू विज़न इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट किया गया है। ये अध.ूरा ख्वाब की टीम के लिए खुशी कि बात है। फ़िल्म ने कई फ़िल्मों में सेलेक्ट होकर अपनी उपस्थिति बनाई है। फ़िल्म अधूरा ख्वाब की प्रोडक्शन और साइड हीरो एंटरटेनमेंट की डायरेक्टर सबा सिद्दीक़ी ने ब्राज़ील में फ़िल्म के सेलेक्शन पर ख़ुशी जताई है। फ़िल्म दुनिया के फ़िल्म फेस्टिवल में अपनी जगह बनाती जा रही है। फ़िल्म में सोनिया शर्मा अली मर्चेंट ने अपनी दमदार भूमिका से सब का मन मोहा है। फ़िल्म में सौरभ भारद्वाज और गायत्री शर्मा ने जहां अपने अभिनय का लोहा मनवाया है वहीं मुरसलीन क़ुरैशी का भी जलवा दिखा है। फ़िल्म को अपनी ख़ूबसूरत लेखनी से फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी ने चमकाया है। फ़िल्म के डीओपी मनोहर जोशी ने अपने केमरे से फ़िल्म में चार चांद लगाए हैं। इस फ़िल्म के क्रिएटिव प्रोडड्यूसर शिव चौधरी, डायरेक्टर शादाब ख़ान प्रोडड्यूसर फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी और सबा सिद्दीक़ी हैं। फ़िल्म में बुढ़ाना व आसपास के कई कलाकार हैं। अधूरा ख़्वाब को बुढ़ाना क्षेत्र में शूट किया गया है। फ़िलहाल फ़िल्म को सबा सिद्दीक़ी ने कई और फेस्टिवल में क़िस्मत आज़माने के लिए भेज दिया है। इस फ़िल्म को फेस्टिवल बाद माल में रिलीज़ किया जाएगा।

# विकसित भारत बिल्डेथन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कार्यालय महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ और उपसचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में सभी परिषदीय विद्यालयों में पत्र के अनुसार पूर्ण तैयारी से यूटड्यूब के माध्यम से समस्त विद्यालयों में विक.सित भारत बिल्डेथन 2025 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विद्यालयों में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सभी उचित व्यवस्थाओं के साथ एलईडी के माध्यम से प्रोग्राम को सुचारू रूप से दिखाया गया। सबके द्वारा प्रोटोटाइप प्रसारण को ध्यानपूर्वक सुना गया। विद्यार्थियों द्वारा चुनी गई थीम पर अपने विचार एवं उत्पाद विकसित करते हुए उनकी व्याख्या की गई एवं मेंटर द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करते हुए उनकी सहायता की गई। सभी विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए मॉडल को उपस्थित अतिथियों तथा विभागों के समस्त प्रदर्शित किया गया। यह प्रसारण सभी विद्यालयों में सीधे यूटड्यूब के माध्यम के द्वारा दिखाया गया तथा उचित व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, एलईडी एवं लाइट प्रबंध की व्यवस्था की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियो, विद्यार्थियों और अभिभावकों के द्वारा बड़े उत्साह और लगन के साथ प्रसारण का आनंद लिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी किरण के द्वारा प्रसारण का भ्रमण कर उत्साहवर्धन किया गया।



# वैज्ञानिकों ने दी आधुनिक पशुपालन की जानकारी



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अरुणा डेयरी, गोपाल डेयरी और विनसार फार्म के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने हजारों किसानों को गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन, पशुपालन की आधुनिक विधियों तथा डेयरी प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में बिनसर कंपनी के डायरेक्टर दीपक राज (सोनीपत) ने कहा कि यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करें तो उनकी आमदनी चार गुना तक बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि मॉडर्न टेक्नोलॉजी से डेयरी उद्योग को नई दिशा दी जा सकती है। पशुओं के आसपास सफाई, गुणवत्तायुक्त चारा और संतुलित कैटल फीड अत्यंत आवश्यक हैं। भारत विश्व में दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है, परंतु प्रति पशु दूध उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र की बछियाओं की देखभाल पर ध्यान देने से वे भविष्य में अधिक दूध देने वाली गाय बन सकती हैं।अमरेश गुर्जर ने बताया कि उत्तर प्रदेश की मिटी बेहद उपजाऊ है और यहां गायों में अधिक दूध उत्पादन की क्षमता है, लेकिन किसान इस दिशा में पर्याप्त ध्यान नहीं देते। गोपाल डेयरी के डायरेक्टर जितेंद्र यादव ने किसानों से अपील की कि वे पशुओं को गुणवत्तापूर्ण चारा खिलाएं और उन्हें खुले वातावरण में रखें, इससे दूध उत्पादन स्वाभाविक रूप से बढ़ता है।वैज्ञानिक वरुण पुंडीर ने कहा कि पशुपालक सबसे पहले डेयरी प्रबंधन का वैज्ञानिक प्रशिक्षण लें। उन्होंने बताया कि बछड़े के जन्म के तुरंत बाद गाय को कैल्शियम देना जरूरी है, जिससे उसके शरीर में ताकत बनी रहे। प्रत्येक माह कम से कम चार दिन कैल्शियम देना लाभदायक है। कार्यक्रम में फ्रांस की कंपनी सरबेल के डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार, पीडीएस के टेक्निकल हेड प्रितपाल, एबीएस कंपनी के डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता और एएफआई के टेक्निकल हेड डॉ. इरफान ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुओं को स्वस्थ रखने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मदन भैया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों की बताई विधियों को अपनाकर किसान दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें किसी सरकारी कार्यालय से कोई परेशानी होती है तो वे तुरंत उन्हें सूचित करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने की। उन्होंने कहा कि किसान धरती को चीरकर समाज का पेट भरता है, इसलिए उसे आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है।इस अवसर पर प्रदीप कुमार, आदेश चपराना और मोहित चंदेल ने विधायक मदन भैया और सत्येंद्र आर्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित डेयरी संचालकों, दुग्ध उत्पादकों, डेयरी कर्मचारियों और दूध परिवहन करने वाले चालकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।संचालन सुशील गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में प्रधान विजेंद्र सिंह मंतोड़ी, पूर्व प्रधान प्रवीण कुमार पाल, संतरपाल प्रधान पाल, निखिल कुमार सहित आसपास के गांवों के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ऑनर ऑफ अशोक अवार्ड से सम्मानित हुए एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चार्ल्स वाल्टर्स काउंसिल फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च (सीडब्ल्यूसीआईआर) द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित ऑनर ऑफ अशोक अवार्ड प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन प्रतिष्ठित नौकरशाहों और नीति निर्माताओं को दिया जाता है जिन्होंने शासन को सुदृढ़ बनाने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऑनर ऑफ अशोक अवार्ड का उद्देश्य केवल एक मानद उपाधि से कहीं अधिक, प्रशासनिक उत्कृष्टता में एक राष्ट्रीय मानक स्थापित करना है। इसका उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और परिवीक्षाधीन अधिकारियों की तैयारी कर रहे युवा उम्मीदवारों को प्रेरित करना और उन्हें सकारात्मक बदलाव लाने वाले नेतृत्व




गुणों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

दिनांक 12.10.2025 को हिमाचल प्रदेश व राजस्थान के पूर्व गवर्नर माननीय कलराज मिश्रा द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वर्षों तक पुलिस सेवा के प्रति निष्ठा, समर्पण, असाधारण नेतृत्व, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका व राष्ट्र की प्रगति में उनके अथक प्रयासों और अमूल्य योगदान के लिए दिया गया है।

## विजयदशमी के बाद गंगा तट पर सफाई अभियान

**खतौली।** विजयदशमी से दीपावली तक के बीच गंगा मैया में जल स्तर घटने के कारण घाटों पर श्री गणेश व श्री दुर्गा विसर्जन के बाद मूर्तियों के अवशेष व पूजा सामग्री रह जाती है। सोमवार को समाजसेवी संजय गोस्वामी, पकंज भटनागर पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस धार्मिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए गंगा तट पर सफाई अभियान चलाया।टीम ने गंगा मैया के बीच जाकर विसर्जन के बाद बचे मूर्ति अवशेषों, कपड़े, फूल-मालाओं व अन्य सामग्री को एकत्र कर विधिवत गंगा में समर्पित किया। इसके साथ ही घाट की सफाई भी की गई ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके और नदी की पवित्रता बनी रहे। संजय गोस्वामी ने कहा कि धार्मिक आस्था जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही जरूरी है गंगा मैया की स्वच्छता। इस दौरान कई स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं ने भी सफाई अभियान में सहयोग किया और भविष्य में गंगा तट की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शमशान में खड़े दो दर्जन पेड़ों को चोरों ने उड़ाया

**मोरना।** गांव खाईखेड़ा मे शमशान अथवा अमृत सरोवर तालाब किनारे खड़े पच्चीस पेड़ों को चोरो ने काट लिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुँच गये। ग्राम प्रधान ने अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा के ग्राम प्रधान शहज़ाद मुखिया ने तहरीर देकर बताया की गांव स्थित शमशान भूमि के पास अमृत सरोवर तालाब भी है। जहां 25 पेड़ अज्ञात चोरो ने काट लिए। घटना को लेकर ग्रामीणों मे रोष मे व्याप्त हो गया। ग्राम प्रधान ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**खतौली।** शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के अंतर्गत खतौली नगर के सरफान मोहल्ला एवं देवीदास मोहल्ला में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा नशा मुक्ति भारत अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं के विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया, जिनमें वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकाल.ीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड लाइन-1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 प्रमुख हैं। कार्यक्रम में मौजूद टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकरी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम का गठन भी किया गया।

### लाला पूरन चंद साहनी इंटर कॉलेज, देवबंद के विद्यार्थियों ने किया श्री राम कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज में लाला पूरन चंद साहनी इंटर कॉलेज, देव.बंद के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा कैंपस का अवलोकन किया और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को देखकर उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए।भ्रमण के दौरान श्री शरद कौशिक (प्रवेश विभाग) ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा एवं करियर विकल्पों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। उनके विचारों से विद्यार्थियों ने न केवल नई जानकारियाँ प्राप्त कीं, बल्कि आत्मविकास के प्रति नई प्रेरणा भी महसूस की।इस अवसर पर इंटर कॉलेज की प्राचार्या सुनीता शाही, शिक्षकगण पूनम, राजीव, विशाल गुप्ता एवं मुक्ता उपस्थित रहे। श्री राम कॉलेज की ओर से डॉ. सौरभ मित्तल उपप्राचार्या, श्रीराम कॉलेज, अजय चौहान डीन एडमिशन एवं रविकांत शर्मा मैनेजर पब्लिक रिलेशंस ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से परिचित कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं और व्यावसायिक जगत से जोड़ना रहा।

### रन फॉर डीएवी में एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के छात्रों ने उत्साह के साथ लिया भाग

**मंसूरपुर।** महात्मा गाँधी जी के स्वस्थ शरीर, एकता, देशभक्ति एवं उत्तरदायित्व के प्रेरणादायक एवं साहसिक विचारों को साकार करने के लिए डी. ए. वी. मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली द्वारा श्रन फॉर डी. ए. वीद्दश का आयोजन प्रत्येक वर्ष कराती है। इसी श्रंखला में एस. एफ. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर में 'रन फॉर डी. ए. वी.- का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने 02 एवं 05 कि.मी. दौड में भाग लेकर अपने उत्साह एवं धैर्य का परिचय दिया। जूनियर वर्ग की प्रथम श्रेणी (कक्षा 01 तक) में अवी ने प्रथम स्थान तथा नक्श ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय श्रेणी (कक्षा 08 तक) में अनमोल ने प्रथम स्थान तथा युग प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बॉयज सीनियर वर्ग में शिवांक ने प्रथम स्थान तथा मयंक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स सीनियर वर्ग में वर्णिका ने प्रथम स्थान तथा अनन्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐ.के. मोहन द्वारा सभी विजेता धावकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐ.के. मोहन ने सभी खिलाडियों की लगन, उत्साह एवं परिश्रम की सराहना करतें हुए भविष्य में ऊँचाइयों को छुने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के अध्यापको का कर्मचारी वर्ग की सराहना की।

### कोतवाली पुलिस ने भी पकड़े पटाखे

**मुज़फ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हनुमान चौक के पास से मकान मे अवैध रुप से विक्रय करने के लिए रखे भारी मात्रा मे पटाखो सहित निहालचन्द पुत्र गोकुल चन्द निवासी म0न0 117 हनुमान चौक थाना कोतवाली नगर मु0नगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम निहालचन्द पुत्र गोकुल चन्द निवासी म0न0 117 हनुमान चौक थाना कोतवाली नगर मु0नगर है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से शहर कोतवाली पुलिस ने 76 डिब्बे उपदप इनससमज सुन्दर फायर,4 डिब्बे 555 जपउम इवउ,5 डिब्बे क्लासिक धमाका,3 डिब्बे एन्कर लाम्बा,4 पैकेट राजन बिजली बम्ब,11 डिब्बे राजन 2 राउण्ड रॉकेट बडे,4 डिब्बे राजन मिनी लुईनक रॉकेट,10 डिब्बे राजन राकेट फ्लैस,7 डिब्बे सारावनल बम्स,4 डिब्बे क्वीन रॉकेट बोम्ब,4 डिब्बे मार्शल कुंगफू, 4 डिब्बे रामिय ड्रोन,5 डिब्बे रोनक फुलझडी,4 डिब्बे श्री कृष्णा फुलझडी, 3 डिब्बे सुप्रीम डीलक्स फिरकी,3 डिब्बे राजन ग्राऊंड चकरी,25 डिब्बे ग्राउंड चक्कर अशोक,4 डिब्बे राजन ग्राउंड चक्करी,15 डिब्बे राजन फ्लावर पोटस,12 डिब्बे राजन फ्लोवर पोटस,15 डिब्बे डीलक्स फ्लोवर पोटस भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# अस्पतालों में बदसलूकी पर पत्रकारों का फूटा आक्रोश

**मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया को सौंपा गया ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद के सरक.ारी अस्पतालों में तैनात सुरक्षा गार्डों द्वारा पत्रकारों एवं संपादकों के साथ लगातार की जा रही बदसलूकी के मामलों ने गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। सोमवार को भारी संख्या में पत्रकारों ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के कार्यालय पहुंचे और कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहां की जिले के पत्रकार लगातार निस्वार्थ भाव से जनहित की खबरें प्रकाशित कर रहे हैं ताकि आम जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंच सकें। इसके बावजूद अस्पतालों में तैनात कुछ गार्ड



पत्रकारों से अभद्रता कर रहे हैं, उन्हें अस्पताल में प्रवेश से रोकते हैं और कैमरा या मोबाइल निकालने पर डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं।

ज्ञापन में कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है, और यदि उनके साथ इस प्रकार का असम्मानजनक व्यवहार जारी रहा तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर पड़ जाएंगी। महासभा ने मांग की कि अस्पतालों में तैनात सभी गार्डों को पत्रकारों के प्रति शालीन व्यवहार करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, जिन गार्डों ने पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया है उनके खिलाफ तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, अस्पताल गेट पर प्रेस पहचान पत्र धारक पत्रकारों के लिए सहज प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। सरताज अहमद ने चेतावनी दी कि यदि मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस गंभीर मामले पर ठोस कार्रवाई नहीं की तो जिलेव्यापी आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगी। महासभा ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया से मांग की कि अस्पतालों में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार की कोई घटना न दोहराई जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में संपादक और मीडिया प्रति.निधि उपस्थित रहे। इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद, सत्येंद्र सैनी, मोहम्मद असलम, डॉ. संजय कुमार, मंशाद सचिन सैनी, मीरापुर आदि रहे।

# राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का किया गया भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत विकास परिषद के सर्वाधिक आकर्षक कार्यक्रम राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में बाले राम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर, मेरठ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह टीम आगामी स्तर पर प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी।यह प्रतियोगिता भा वि प सम्राट शाखा मु नगर के आतिथ्य में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई। जिसमें प्रांत की 14 विद्यालयों की टीमों ने उत्साह पूर्व भाग लिया।

हिंदी गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर, मेरठ, द्वितीय स्थान जी.सी. पब्लिक स्कूल, तृतीयस्थान सी. जे डी ए वी पब्लिक स्कूल, मेरठ ने प्राप्त किया।, संस्कृत गीत प्रतियोगिता में,




प्रथम स्थान एस.डी. पब्लिक स्कूल मु. नगर, द्वितीय स्थान तक्षशीला पब्लिक स्कूल मेरठ, तृतीय स्थान जी.सी. पब्लिक स्कूल मु.नगर तथा सरस्वती विद्या मंदिर मेरठ को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। हिंदी- संस्कृत संयुक्त गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर मेरठ, द्वितीय स्थान जी.सी. पब्लिक स्कूल मु. नगर, तृतीय स्थान सी.जे. डी ए वी पब्लिक स्कूल मेरठ ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव द्वारा की गयी तथा प्रारंभिक उद्बोधन महासचिव अरुण खंडेलवाल ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भा वि प द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिता एक सांगीतिक आयोजन नहीं है वरन यह भावी पीढ़ी में सांस्कृतिक, अनुराग, राष्ट्र भावना तथा सौंदर्य बोध का संचार करने का गंभीर सांस्कृतिक अभियान है। कार्यक्रम में आतिथ्य सम्राट शाखा संस्थापक अध्यक्ष परम कीरती शरण अग्रवाल, अध्यक्ष प्रवीन कुमार, सचिव इं. पीके गुप्ता, कोषाध्यक्ष जग रोशन गोयल व मनोज सेठी आदि का सहयोग रहा।

# बंद डिस्टलरी में अज्ञात व्यक्तियों के घुसने से हड़कंप

**मंसूरपुर।** क्षेत्र की चर्चित डिस्टलरी में उस समय हड़कंप मच गया,जब अज्ञात व्यक्तियों के अंदर होने की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि डिस्टलरी का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। इस बीच मजदूर यूनियन के लोगों ने अज्ञात व्यक्तियों की गति.विधियों की जानकारी डीएम, एसडीएम और क्षेत्राधिकारी को दी, जिसके बाद प्रशासनिक टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं एसडीएम खतौली टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार उक्त डिस्टलरी पहले ही कुर्क की जा चुकी है। जानकारी के अनुसार, 4 करोड़ 53 लाख रुपए का भुगतान फैक्ट्री कर्मचारियों व मजदूरों को न कर पाने के कारण डिस्टलरी की कुर्की की कार्यवाही की गई थी।एसडीएम ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया के लिए डिस्टलरी का मूल्यांकन करने हेतु टीम वहां पहुंची थी।

जिसके चलते अंदर कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई न्यायालय से संबंधित है और डीएम व एसडीएम की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति कुर्क की गई फैक्ट्री में प्रवेश नहीं करेगा। फिलहाल तीन अमीन फैक्ट्री की निगरानी कर रहे हैं। आइंदा से फैक्ट्री के मूल्यांकन हेतु किसी को अंदर जाना पड़ा तो पहले से ही सभी को अवगत कराया जायेगा।इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू अहलावत, डिस्टलरी मजदूर संगठन के अध्यक्ष अमित राठी सहित काफी संख्या में डिस्टलरी के मजदूर सहित कालोनी के लोग मौजूद रहे।

# गोपीचन्द गोयल स्मृति अन्तर्विद्यालय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जिला क्रीडा अधिकारी ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका विद्यालय, मुज़फ्फरनगर में गोपीचंद गोयल स्मृति अंतर.विद्यालयी प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी, मुज़फ्फरनगर रहे, जिनके प्रेरक उद्बोधन से विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

प्रतियोगिता में नगर एवं जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालयों पी.आर. पब्लिक स्कूल, न्यू वेलं.कन पब्लिक स्कूल, द एस.डी. पब्लिक स्कूल, एम.जी. वर्ल्ड



विजन, डी.पी.एस. देवबंद, दिव्य पब्लिक स्कूल, जे.वी. पब्लिक स्कूल, वतन पब्लिक स्कूल तथा आई.जी. पब्लिक स्कूल ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर स्वीमिंग एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहा। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को सम्मानित कर तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति सतत प्रतिबफ्ता का प्रतीक है।

# इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन ने मनाया दीपावली उत्सव

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर द्वारा होटल द मैडलिन में दीपावली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन का कार्य आईआईए चेयरमैन अमित जैन, डिवीजन सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल, पूर्व चेयरमैन नवीन जैन, मनोज अरोरा, सुधीर चंद्र गोयल, शरद जैन, विपुल भटनागर, नेशनल सेक्रेटरी कुश पुरी, वाइस चेयरमैन अमित गर्ग, दीपक सिंघल, उमेश गोयल एवं मनीष भाटिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

आईआईए चैप्टर चेयरमैन अमित जैन ने सभी सदस्य परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यक्रम में युवा उद्यमियों और महिला सदस्यों द्वारा प्रदर्शित प्रतिभा की सराहना की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजीव बालियान (पूर्व केंद्रीय मंत्री), कपिल देव अग्रवाल (राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), एडीएम (एफ) गजेंद्र कुमार, अनुराग कुमार (चीफ फायर ऑफिसर), सुल्तान सिंह (एसएचओ, साइबर क्राइम ब्रांच), गौरव चौहान (इंस्पेक्टर) तथा आईआईए सहारनपुर डिवीजनल अध्यक्ष सतीश अरोरा उपस्थित रहे।अतिथियों ने आईआईए परिवार को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का आरंभ श्लोक एवं मुकुंद द्वारा गणपति वंदना से हुआ। नेशनल फेम कत्थक को ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाली करिश्मा अरोरा (पुत्री मनोज अरोरा) ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत की। कु. राजवी जैन (पुत्री स्मिता एवं चेयरमैन अमित जैन) ने महाभारत पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी, और अनुभा मित्तल (पत्नी सचिव राहुल मित्तल) ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। आईआईए महिला विंग की सदस्यों कृ स्मिता जैन, पायल अग्रवाल, सौम्या अरोरा, पलक अग्रवाल, वंदना सिंघल, नेहा गुप्ता एवं अनन्या गोयल कृ ने बच्चों धुर्व गोयल, राघव गोयल, सन्नी आदि के साथ मिलकर महिषासुर वध की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से सराहा। युवा उद्यमियों अमन गुप्ता, अनमोल



अग्रवाल, राहुल मित्तल, स्पर्श अग्रवाल, नमन जैन, कार्तिक जलोत्रा, अतुल अग्रवाल, प्राचीर अरोरा, अपूर्व (राम), श्रेया (सीता) एवं प्रेरक जैन (लक्ष्मण) ने राम की दीपावली पर मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा पंडाल राममय हो उठा।

एआरबी बियरिंग्स के डायरेक्टर सुनील गोयल एवं बिजनेस हेड मोना द्वारा सभी सदस्य परिवारों को दीपावली उपहार भेंट किए गए। ए आर बी के डायरेटर सुनील गोयल को एडीएम एफ द्वारा सम्मानित किया.कार्यक्रम का सफल संचालन उमेश गोयल और विपुल भटनागर ने कुशलता से किया।आईआईए सचिव राहुल मित्तल ने सभी अतिथियों और सदस्य परिवारों का स्वागत किया।इस अवसर पर राहुल मित्तल (सचिव), सुधीर अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), नमन जैन (सह-कोषाध्यक्ष), अमन गुप्ता , अशोक अग्रवाल, नवीन जैन, मनोज अरोरा, सुधीर गोयल, शरद जैन, विपुल भटनागर, अमित गर्ग , अनुज स्वरूप बंसल, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मेरठ-करनाल हाईवे पर दर्दनाक हादसा, टैंकर की टक्कर से दो की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोमवार सुबह मेरठ. करनाल हाईवे पर गोल चक्कर के निकट हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति व एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार दोनों खाना बनाने के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस तथा परिजनों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान शाहिद उर्फ सोनू पुत्र साजिद उम्र 25 वर्ष निवासी मोहल्ला साजिद नगर झिंझाना तथा आरिफ पुत्र यासीन उम्र करीब 45 वर्ष निवासी बल्ला माजरा के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों एक बाइक द्वारा शामली में खाना बनाने के लिए जा रहे थे तभी हादसा हो गया।



मृतक शाहिद



मृतक आरिफ

हादसे के बाद दूध के टैंकर का चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परि. जनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक शाहिद उर्फ सोनू अपने घर का जिम्मेदार था पूरे घर की जिम्मेदारी उसी के ऊपर थी मृतक का पिता लम्बी बीमारी से ग्रसित हे जो महीनो से चारपाई पर लेटा है। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो बहन दो भाई व माता पिता को रीटा बिलखता छोड़ गया। वही आरिफ पत्नी सहित अपने पीछे छ बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया मृतक आरिफ मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

## नीलगाय के झुंड से टकराई बाइक, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** तीजा रसम में शामिल होने जा रहे दो बाइक सवारों के सामने अचानक नीलगाय के झुंड के आने से बड़ा हादसा हो गया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। गांव हरड़ फतेहपुर निवासी ओमवीर उर्फ पिंटू (45 वर्ष) पुत्र महिपाल अपने साथी राजीव कुमार पुत्र महेंद्र सिंह रिटायर्ड फौजी के साथ बाइक से गांव सोटा रसूलपुर में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद तीजा रसम में शामिल होने जा रहे थे। सुबह करीब 6 बजे जब दोनों गांवों के बीच पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर नीलगायों का एक झुंड आ गया। झुंड से टकराने के कारण दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को। शामली-थानाभवन मार्ग स्थित गंगा अमृत हॉस्पिटल की ओर रवाना हुए। लेकिन रास्ते में ही ओमवीर उर्फ पिंटू ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर घायल राजीव कुमार को गंगा अमृत हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।घायल को लोकप्रिय हॉस्पिटल मेरठ में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पिंटू के परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। बड़े भाई संत कुमार बिजली का काम करते हैं, जबकि मझला भाई बिल्लू सेना में तैनात है। पिंटू अपने पीछे 16 वर्षीय बेटे को छोड़ गया है। अचानक हुई इस दुर्घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# निबंध प्रतियोगिता में अमन कुमार प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज शामली के शिक्षक अमन कुमार ने अखिल भारतीय आचार्य निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित की गई थी, जिसका विषय था राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा से रामराज्य। प्रतियोगिता में देशभर से प्राप्त निबंधों का प्रान्तीय और क्षेत्रीय स्तर पर चयन किया गया, जिसके उपरांत चयनित निबंधों को अखिल भारतीय स्तर पर भेजा गया। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर, शामली के आचार्य अमन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने आचार्य अमन कुमार को 5100 रूपये की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय प्रबंधक सुमीत गुप्ता ने



विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर प्रोत्साहित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# लोकदल सदस्यता अभियान में उमड़ा जनसैलाब

**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी जयकुमार के आवास पर सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल द्धरालोदऋ के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रभर से कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्थल पर चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद और रालोद जिंदाबाद के नारों से पूरा माहौल लोकदलमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुरेंद्र सिंह पंवार ने की, जबकि संच. ालन जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक और सदस्यता अभियान प्रभारी देशराज भनेड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा किसान, मजदूर और आम जनता के हित में कार्य किया है। पार्टी की नीतियां हमेशा ग्रामीण विकास और किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित रही हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में लोक.



दल लगातार जनता की आवाज को बुलंद कर रहा है और किसान-नौजवान के हक के लिए संघर्षरत है। सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## चौसाना में 16 अक्टूबर को लगेगा विद्युत बिल समाधान कैंप

**चौसाना।** ग्राहकों की सुविधा के लिए बिजली विभाग की ओर से 16 अक्टूबर 2025 को चौसाना विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत बिल समाधान संबंधी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में शामली से उपखंड अधिकारी द्धएसडीओऋ साहब सिंह, जेई अकबर आजम तथा बिल क्लर्क हर्षित कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। कैंप में उपभोक्ताओं की बिजली बिल से संबंधित शिकायतें, गलत रीडिंग, अधिक बिल, कनेक्शन संबंधी दिक्कतें, तथा बकाया भुगतान या सुधार जैसी सभी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। विभाग का कहना है कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं की दिक्कतों को नजदीक से सुनकर उनका निपटारा करना है, ताकि आम जनता को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और समय पर बिल जमा कर विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग दें।

# कुतुबगढ़ में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थानाभवन मिशन शक्ति टीम द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से ग्राम कुतुबगढ़ में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, बच्चियों व ग्रामवा. सियों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर कृ 112 (आपातकालीन सहायता), 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (बाल सहायता हेल्पलाइन), एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने गांव में पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया और बताया कि इन हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से कोई भी व्यक्ति तत्काल मदद प्राप्त कर सकता है। साथ ही उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में भी समझाया गया।अभियान के तहत महिलाओं को यह भी बताया गया कि ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। मिशन शक्ति टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने आस-पास की महिलाआ. ें, बच्चों व परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।इस मौके पर स्थानीय अधिकारी एवं पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन हमेशा उनकी सेवा में तत्पर है।

# कार्य शुरू होने पर लोगों ने किया धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** थानाभवन से झिंझाना मार्ग, ऊन बाईपास से चीनी मिल तथा बस स्टैंड से बाईपास तक मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर जन उत्थान सेवा समिति द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया था जिसमें 13 अक्टूबर तक सड़क निर्माण करने की मांग की गई थी सड़क न बनने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी सोमवार को समिति के दर्जनों कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए बाद में उप जिला अधिकारी व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा झिंझाना से थाना भवन मार्ग का निर्माण कार्य शुरू करने तथा बाकी दोनों सड़कों का एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जा चुका है जिसकी प्रति कार्यकर्ताओं को दी गई इसके



बाद समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का धन्यवाद करते हुए धरना समाप्त कर दिया।

झंझाना से थाना भवन मार्ग के निर्माण हेतु वर्ष 2021 में टेंडर छोड़ा गया था लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया सड़क निर्माण की मांग को लेकर समिति द्वारा पहले भी दो बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका था अब एक बार फिर समिति के कार्यकर्ताओं ने अपनी तीन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एक पखवारा पूर्व एसडीएम संदीप त्रिपाठी को सोपा था जिसमें 13 अक्टूबर तक मार्ग निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की थी निर्माण कार्य न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी।

सोमवार को दिए गए ज्ञापन के अनुसार समिति के कार्य कर्ता अध्यक्ष सुखपाल भार्गव के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए इसके बाद धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं के बीच उप जिलाधिक. ारी संदीप त्रिपाठी व पीडब्ल्यूडी के एसडीओ के पहुंचे उन्होंने झिंझाना से थाना भवन तक मार्ग का निर्माण कार्य दाई संस्था चौधरी एसोसिएट्स द्वारा शुरू कर दिया गया इसके अलावा ऊन थाना भवन मार्ग से गागौर मार्ग की लंबाई 5.3 किलोमीटर तथा बस स्टैंड से बाईपास तक मार्ग की लंबाई 1।26 किलोमीटर का एस्टीमेट बनाकर लखनऊ शासन की स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू किया जाएगा इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी करने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद दिया तथा धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन में यादराम आर्य ,भास्कर चौधरी, सत्यवान, सुभाष,राजेंद्र सिंह, नीरज पहलवान आदि शामिल रहे।





# नदियों के संरक्षण को लेकर बैठक में सफाई पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा व अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन एवं जिला गंगा समिति के तत्वावधान में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान के तहत वार्ड नंबर 13, मोहल्ला कस्सवान में एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में ड।।। सेट्रिग के स्वामी अरशद पुत्र मकबूल की उपस्थिति में लोगों को आसपास की सड़क, नाली-नालों की सफाई, तालाबों में कूड़ा-कचरा न डालने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिकध्पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही कस्बे से होकर गुजरने वाली कृष्णा नदी की सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।बैठक के पश्चात वार्ड में नगर पंचायत कार्यालय के आसपास की गलियों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घास कटिंग कराई गई तथा नालियों की सफाई भी कराई गई। अभियान में अरशद, अन्य स्थानीय नागरिकों एवं नगर पंचायत थानाभवन के सफाई मित्रों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

# पुण्यस्मृति पर समाज सुधारक लहरी सिंह कश्यप का स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय सामाजिक न्याय चेतना ट्रस्ट एव अल्टीमेट यूनिवर्स ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में लहरीपुर गांव के संस्थापक,समाज सुधारक और जनसेवक संत लहरी सिंह कश्यप जी की 12वीं पुण्य स्मृति दिवस बड़े ही उत्साह के रूप में मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ संत लहरी सिंह के सहित महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया,उनके आदर्शों को लेकर एक प्रेरणा ज्योति यात्रा भी निकाली गई इस अवसर पर आज एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय था सामा. जिक समन्वय और जगत कल्याण हेतु शिक्षा की आवश्यकता । कार्यक्रम में देशभर से आए गणमान्य बुद्धिजीवियों,शिक्षाविदों, समाजसे.



वियों और युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीएसपी करता राम कश्यप ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में ओमपाल कश्यप और प्रो. जी सिंह कश्यप और योगेंद्र मालिक ने समाज में शिक्षा के माध्यम से एकता, समानता और प्रगति की दिशा में संत लहरी सिंह कश्यप जी के योगदान को रेखांकित किया। विनोद क्षत्रा ने सामा. जिक समन्वय और शिक्षा को सर्वोपरि बताया, सुनीता कश्यप शिक्षा में जरूरतमंदों के रास्ते में आने वाली बाधाओं से निजात पाने के रास्ते पर चर्चा की।अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि संत लहरी सिंह कश्यप जी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना और जीवनभर जाति,धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। दिनांक 12-10-2025 की शाम 5 बजे तक पुण्यतिथि कार्यक्रम के बाद दो छात्रों में बच्चों तथा समाज सेवाओं को प्रशिक्षित किया गया। समाज के सभी वर्गों जाति तथा धर्म में बैठे हुए समाज और समन्वय के अभाव में व्यवस्था में बदली हुई व्यवस्था जिसमें सभी विभागों के समन्वय के अभाव का शिकार आम आदमी होता है इन चीजों को दूर करने के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रश्न देकर उनके उत्तर लिखित में लिए तथा उन पर सभी से चर्चा कराई प्रथम सत्र शाम के 8 बजे तक और द्वितीय सत्र 13-12-2025 सुबह 10 बजे तक संपन्न हुआ।

आश्रम के सभी संचालक मंडल के प्रतिनिधियों और सभी अनुयायियों ने समन्वय के साथ सभी समस्याओं से समाज को निजात दिलाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में सोनू कुमार, प्रोफेसर संदीप, धर्मबीर सिंह,रवि कश्यप तल्हेड़ी, सचिन कुमार, डॉ रामनिवास आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अशोक कुमार,अनुज कुमार सतीश कुमार सत्यपाल सिंह किरणपाल सिंह,अमरीश कुमार आदि ने भी संबोधित किया संचालन विनोद क्षत्रा ने किया।

## एक नजर

### अवैध पटाखे, तमंचे और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेशानुसार अवैध पटाखे निर्माण फैट्रियों के विरुद्ध चालाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 2 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तगण के कब्जे से 3 कार्टून, 4 बैग, 2 बोरियों में भरे भिन्न-भिन्न प्रकार के अवैध पटाखे, अवैध तमंचा-कारतूस, अवैध छुरा व ईको गाड़ी बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त अशोक पुत्र रामचन्द्र निवासी विजय विहार कालोनी रोहिणी दिल्ली, देवेन्द्र सिंह पुत्र गुरजीत सिंह निवासी विजय विहार कालोनी रोहिणी दिल्ली है।

### एक वाहन चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वादी विकास पुत्र ओमब्रह्म सिंह निवासी ग्राम कुड़ाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटरसाईकिल स्पलेण्डर को रेलवे स्टेशन शामली के बाहर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वादी के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा एक वाहन चोर को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप पुत्र सतवीर निवासी ग्राम बूढपुर थाना रमाला जनपद बागपत है।

### छेड़छाड़ मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत 3 अभियुक्तगण द्वारा महिला से छेडछाड व मारपीट की घटना कारित की गई थी। घटना के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला से छेडछाड़ व मारपीट करने के मामले में वांछित दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राजीव पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, बबलू उर्फ उपेन्द्र पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### पटाखों का अवैध भंडारण बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**कैराना।** पुलिस ने गांव रामड़ा में बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री पर छापेमार कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पटाखों का अवैध भंडारण बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी को चालान करके जेल भेज दिया गया है। रविवार रात्रि एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार अवैध पटाखा निर्माण कार्य के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने ग्राम रामड़ा में बंद पड़ी एक पटाखा फैक्ट्री पर छापेमार कार्यवाही की है। जहां से पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 48 कार्टून अवैध छोटी व बड़ी फूलझड़ी के बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता शाहरुख निवासी कप्तान नगर जनपद पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है।

### मोहल्ला दरबारखुर्द में चौपाल लगाकर किया जागरूक



**कैराना।** मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में चौपाल लगाकर महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सोमवार को मिशन शक्ति व एंटी रोमिया की टीम एसआई चंद्रशेखर के नेतृत्व में कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में पहुंची। जहां पर मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चौपाल में पहुंची महिलाओं एवं लड़कियों को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर-112, 1090, 1076,108, 102 आदि के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही, विषम परिस्थितियों में इन नंबरों का निरूसंकोच इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया। टीम में महिला कांस्टेबल स्वाति आदि शामिल रही।

# जनप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्रों पर जवाब देना सुनिश्चित करें: किरण पाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की। बैठक में जनपद शामली और मुजफ्फरनगर के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

सभापति किरण पाल कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर समयबद्ध और लिखित जवाब देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी के उत्तरदायित्व तय हैं, इसलिए जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई जा रही पाइपलाइनों के कारण जिन सड़कों को तोड़ा गया है, उन्हें शीघ्र दुरुस्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और खाद्य एवं रसद विभाग को पात्र लाभार्थियों को पूरा राशन समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभापति ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि नई पीढ़ी को नशे से मुक्त रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। गन्ना विभाग को किसानों के लंबित भुगतान शीघ्र कराने तथा सहकारिता विभाग को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जाए तथा उनके चारे-पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने समिति को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

इस अवसर पर एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्एन्द्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सहित दोनों जनपदों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत बिल्डथन छात्रों ने प्रस्तुत किए शानदार प्रोजेक्ट


सत्य नारायण इं. का.




चंदन लाल नेशनल इं. का. कांधला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने-अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-टड्ूब के माध्यम से किया गया, जिसके लिए कॉलेज में प्रोजेक्टर की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विकसित भारत के .ष्टिकोण को साकार करने हेतु अपने विचार और मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए विद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अध्यापकध्अध्यापिकाओं की एक टीम गठित की गई है, जिसमें सतीश आत्रेय, अनिल कुमार कश्यप, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल और पंकज पाल शामिल हैं। यह टीम समय-समय पर विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा करेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने। उन्होंने उन्हें देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फूल कुमार, लोकेन्द्र कुमार, सचिन संगल, प्रसून भार्गव, साकेत निर्वाल, जौली गर्ग, शिवानी शर्मा, अंजली जैन, ज्योति तायल, सुमन शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

**शामली।** शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर शामली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जयदेव सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे से विद्यार्थियों ने दिए गए यूटड्ूब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनत, उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेटा रिन्दान, खेडकी, राझड़, अलीपुर, भैंसवाल, सीम्भालका, गौहरनी, गागौर, नौजली, खानपुर, मसावी, डागरौल, ब्रह्मखेड़ा आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर अपने प्रोजेक्ट विचार प्रस्तुत किए। विद्यालयों द्वारा तैयार इन प्रोजेक्ट्स के वीडियो 13 से 30 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। कार्यक्रम में बीएसए लता राठौर, खंड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह, रोहतास कुमार, सुशील कुमार, एसआरजी सुनील तोमर मौजूद रहे।

**शामली।** कांधला स्थित चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज में सोमवार को विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विज्ञान भवन, नई दिल्ली से भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से किए गए संवाद का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

कार्यक्रम में चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार चौहान मुख्य अतिथि और डॉ। अमित मलिक प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अनिल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं, डॉ। अमित मलिक ने विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# सफाई कर्मियों की भर्ती में भ्रष्टाचार का सभासदों ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को नगर पंचायत बनत की बोर्ड बैठक में सभासदों ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होने कस्बे में चौपट साफ सफाई व्यावस्था पर भी सवालिया निशान उठाए है।

सोमवार को नगर पंचायत बनत के सभागार में अध्यक्ष कुसुम देवी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तवों पर चर्चा शुरू हुई, लेकिन इससे पूर्व ही सभासद इकराम अली उर्फ मुन्नु ने चेयरमैन पर बिना बोर्ड के अनुमति के सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि चेयरमैन ने अपने चेहते लोगों को नगर पालिका में भर्ती किया गया, जबकि बोर्ड के सदस्यों की अनदेखी की गई है। इसके अलावा सभासदों ने क्षेत्र में टूटी सडकों को गडढामुक्त न कराए जाने पर हंगामा किया। सभासदों ने बताया कि त्यौहारी सीजन चल रहा है, लेकिन नगर पंचायत की शिथिलता के चलते साफ सफाई व्यावस्था चौपट हो रही है। लोगों के घरों, दुकानों, मस्जिदों और मंदिरों के बाहर गंदगी फैली रही। नियमित साफ सफाई न होने से जनता परेशान है। अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन ने सभासदों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। हंगामे के बीच बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास नही हो सके।

# विद्युत संविदा कर्मी संघ पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने विभागीय अधिकारियों पर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न करने और कंपनी के ठेकेदारों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया है।

जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन समय से नही दिया जा रहा है। पीएफ सही समय से न मिलने से कर्मचारी परेशान है। जिसको लेकर अधीक्षण अभियंता के साथ बैठक को चुकी है, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नही हुआ। उन्होने कंपनी के अधिका. रियों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया। कर्मचारियों के धरने पर अधीक्षण अभियंता ने पहुंचकर वार्ता की। जिसके बाद अधीक्षण अभियंता विरेन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारियों का वेतन जल्द दिलाया जाएगा। आगामी तीन दिनों के अंदर ईपीएफ का पैसा दिया जाएगा। कहा कि किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हसन, इजमाम, ललित कुमार, रविपाल, मनोज, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा से आए अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी।

गत रविवार देर शाम शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व व्यापार नेता घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान ओडिशा से आए अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी। जिसमें गणेश वंदना, नवदुर्गा महोत्सव, शिव तांडव, भगवान के दश अवतार, का सुंदर मंचन हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान जगन्ना की भव्य आरती से भक्तिमय वातावरण हो गया था। ओडिशा की पारंपरिक लोक एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। जिनको देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए थे। इस अवसर पर घनश्यामदास गर्ग, रिशी अग्रवाल, विनय बंसल, प्रदीप सिंघल, विरेन्द्र गुप्ता, विपिन कुमार, रजत अग्रवाल, पुष्पा संगल, पूनम रानी, दीपा आदि मौजूद रहे।

## दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा देर रात्रि दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दीपावली पर्व की शुभकामनाऐं दी गई। देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व कथा वाचक अरविन्द .ष्टा महाराज ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान राम की झांसी प्रस्तुत की, जिससे कार्यक्रम का महौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान कार्यक्रम में भगवान के पात्रों की वेशभूषा पहनकर पहुंचे बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर व्यापारी नेता अंकित गोयल, उद्यमी अनुज गर्ग, चेयरमैन झिंझाना सुरेशपाल कश्यप, चेयरमैन आईआईए विशाल गुप्ता, अजय संगल, रामकुमार वर्मा, मनीष भटनागर, अनुराग जैन, वैभव आदि मौजूद रहे।

## गंगोह-बिडोली मार्ग का हाल बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के प्रमुख मार्ग गंगोह-बिडोली रोड की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि अब यह सड़क नहीं, बल्कि गड्ढों का मैदान बन चुकी है। खासतौर पर खोडसमा से बिडोली तक का लगभग 5 किलोमीटर का रास्ता पूरी तरह उखड़ चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, यह स्थिति आने-जाने वाले यात्रियों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। 20 मिनट का सफर तय करने में लोगों को अब दो घंटे तक का समय लग रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें स्कूल बसें, ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक और छोटे चारपहिया वाहन शामिल हैं। लेकिन सड़क की बदहाली के कारण आए दिन वाहन खराब हो जाते हैं, टायर फट जाते हैं और कई बार लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय सड़क परग्ढ्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर चोटिल हो चुके हैं। गांव खोडसमा, सकौती, और बिडोली के ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कई बार लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अभी तक किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि नेता चुनाव के समय तो सड़क निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद कोई देखने नहीं आता। लोगों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



## विकासभवन में युवा खिलाड़ियों को खेल किट की वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** युवा कल्याण विभाग शामली के तत्वाधान मे आयोजित खेलक. ूद सामग्री वितरण का कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार शामली में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम से चयनित युवक एवं महिला मंगल दलों के सदस्यों द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से माद्न मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादाई संबोधन को देखा और सुना गया। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रसन्न चौधरी, विधायक शामली व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी द्वारा लाभार्थियों को खेल कीट का वितरण किया गया। इस कर्यक्रम के दौरान युवा कल्याण विभाग से हिमांशु अहलावत, आकाश पंवार युवा कल्याण अधिकारी एवं विनय सिंह जिला सलाहकार पंचायती राज विभाग आदि उपस्थित रहे।

# बुच्चाखेड़ी के डीलर पर उपभोक्ताओं का राशन हड़पने का आरोप



### तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर ग्रामीणों ने एसडीएम व आपूर्ति निरीक्षक से की राशन डीलर की शिकायत

**कैराना।** बुच्चाखेड़ी के ग्रामीणों ने डीलर पर प्रत्एक कार्ड धारक को तीन किलोग्राम राशन कम देने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसडीएम व आपूर्ति निरीक्षक से मामले की शिकायत की है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी के दर्जनों ग्रामीण प्रधानपति आजाद कश्यप के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह को एक शिकायती-पत्र सौंपा। बताया कि उनके गांव में सरकारी राशन की दुकान है। प्रत्येक महीने राशन का वितरण कश्यप चौपाल के पास होता था, जिससे उपभोक्ताओं को राशन लेने में आसानी रहती थी। गांव में शिव मंदिर के पास में कई सरकारी दुकान बनी हुई है।

आरोप है कि उक्त डीलर राशन का वितरण ग्रामीणों के मकानों से दूर अपने घर पर कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि डीलर अपनी इच्छानुसार राशन की दुकान खोलता व बंद करता है। पत्र में आरोप है कि उक्त राशन डीलर गैर-कानूनी तरीके से प्रत्येक कार्ड धारक को तीन किलोग्राम राशन कम दे रहा है। ग्रामीणों ने राशन का वितरण नियमानुसार व शिवमंदिर के पास बनी सरकारी दुकानों पर कराने की मांग की है।

पत्र पर हरिचन्द, धीरसिंह, सलेक, अभिषेक, सुशील, सतीश, तेजपाल, सुभाष, सोनिया आदि के हस्ताक्षर अंकित है। वहीं, एसडीएम कैराना का कहना है कि तहसीलदार को मामले की जांच करके रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## विद्युत विभाग ने मुआवजे के बिना काट दिए किसान के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव आकापुर फूसगढ में विद्युत विभाग द्वारा हाई वोल्टेज की 66000 वोल्ट की लाइन खींची जा रही है आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा किसान के 50 पेड़ भी काट दिए लेकिन उचित मुआवजा नहीं दिया इस संबंध में पीड़ित किसान द्वारा उप जिला अधिकारी को शिकायत कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। आकापुर फूसगढ के जंगल से विद्युत विभाग द्वारा 66000 वोल्ट की लाइन खींची जा रही है गांव निवासी किसान मानसिंह पुत्र मोल्हड का आरोप है कि उसके खेत में विद्युत विभाग द्वारा 40 पेड़ यूकेलिप्टस व नो पेड़ पॉपुलर जिनकी कीमत रुपये 200000 से ज्यादा है लाइन खींचने के लिए काट दिए तथा उसे दो बार किस्तों में 44000 व 46000 बैंक खाते में भेजे गए हैं जो उनके कीमत के अनुसार कम दिए गए हैं इस संबंध में पीड़ित किसान ने उप जिलाधिक. ारी को शिकायत कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेस्टोरेंट में चलाया चैकिंग अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** दीपावली महापर्व समेत अन्य त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने होटल व रेस्टोरेंट आदि पर चैकिंग अभियान चलाने के साथ अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए मुख्य बाजारों का भ्रमण कर व्यापारियों से पटाखों की बिक्री न करने की अपील की।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर में विभिन्न स्थानों पर संचा. लित होटलों में चौकिंग अभियान चलाया। टीम ने होटलों के आगंतुक रजिस्टर व सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच की साथ ही होटल संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने होटल में ठहरे हुए कुछ लोगों से भी आवश्यक पूछताछ की। थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चौकिंग के दौरान किसी भी होटल में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। सभी होटल स्वामियों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और कोई भी अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि इसके अलावा अवैध पटाखों की बिक्री रोकने व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर के बाजारों का भी भ्रमण किया गया साथ ही व्यापारियों से अवैध पटाखों की बिक्री न किए जाने की अपील की गई है। साथ ही नगर में मौजूद पटाखा गोदामों का भी भ्रमण किया गया, जहां नियमानुसार भंडार मिला।

# आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जताई नाराजगी

## पुलिस क्षेत्राधिकारी से लगाई सुरक्षा की गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** रंजिश के चलते ग्रामीण को गोली मारकर घायल करने के आरो. पियों को पुलिस एक माह बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पीडित परिवार ने हमलावरों से अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे गांव महेशपुर के ग्रामीणों ने बताया कि विगत 2 सितम्बर को थाना बडगांव के महेशपुर गांव निवासी नरेंद्र पुत्र जगपाल को रंजिश के चलते गोली मार दी थी। आज भी नरेंद्र का उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में घायल ग्रामीण के भाई रामभूल की तहरीर पर बडगांव थाना पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाई राजा व रवि, अमर उर्फ छोटू व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया था। लेकिन एक महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी पुलिस सभी आरो. पियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। नामजद आरोपी रवि व चार अज्ञात पुलिस की पकड़ से बाहर बने हुए हैं। घायल ग्रामीण नरेंद्र की पत्नी खुशी ने कहा कि उक्त आरोपियों से उसे व परिवार के अन्य लोगों को जान का खतरा है। कहा कि यदि उनके साथ कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदार बडगांव पुलिस होगी। पीड़ित परिवार ने शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व छह माह के बच्चों को कराया अन्नप्राशन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और छह माह के बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया।

खंड विकास कार्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने की पहल शुरू की है। इसलिए प्रदेश के समस्त नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि वह इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दिखाएं। इस दौरान राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और छह माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराया। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी ने की। इस मौके पर बीडीओ अमित नारंग, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, गन्ना समिति के चेयरमैन डा. उपेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दून वैली पब्लिक स्कूल में मेले का आयोजन





**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन पर्व पर उद्यमिता विकास पर आधारित मेले का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चो ने फूड स्टॉल, हैंडीक्राफ्टस उत्पाद आदि स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दून वैली पब्लिक स्कूल में प्रागण में लगे मेले का मुख्य अतिथि डा. डीके जैन, कॉऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल, समाज सेवी श्याम कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्राचार्य श्रीमति सीमा शर्मा, डायरेक्टर अनुराग सिंघल, प्रबंधक श्रीमति सुमन सिंघल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेले में स्कूली बच्चो ने विभिन्न सजावटी सामानो, दियों, मोमबत्तियां, झालर आदि से जगमग कलाकृति बाजार में बच्चो द्वारा तैयार व्यंजनो का लुत्फ आगंतुको ने खूब उठाया। फैंसी ड्रेस में सजे नन्हें मुन्हें बच्चो ने अपनी मन मोहक अदाओं से अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। बच्चो की रंगबी रंगी पोशाको एवं उत्साह देखकर दर्शक भी तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गए। मेले में लोगो को पुरूस्कार भी दिये गए। मेले के अंत में स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता एवं प्रधानाचार्य श्रीमति सीमा शर्मा ने कहा कि व्यापारिक मेले के आयोजन का उद्देश्य बच्चो में आत्म निर्भर बनाने के गुण का विकास करने के साथ भविष्य में अच्छे व सफल व्यवासायी उद्यमिता बनने की प्रेरणा मिलती हैं। मेले में अभिभावको सहित गणमान्य व्यक्तियों ने मेले का भ्रमण कर बच्चो के कार्य कौशल व प्रतिभा की प्रशंसा की।

# किसानों ने गन्ना मूल्य 600 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने सहित मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** कोल्हू को रिहायशी क्षेत्रो में न लगाये जाने सहित गन्ना मुल्य 600 रूपय प्रति कुंतल घोषित किये जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजा।

भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी व देवबंद ब्लाक अध्यक्ष चौ. ललित कुमार के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। इस बार गन्ने का रेट बढना चाहिए। इस बार गन्ने का भाव कम से कम 600 रुपये कुंतल घोषित हो। ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में रिहायशी इलाकों में कोल्हू नहीं चलवाए जाने और सांपला खत्री में चल रहे कोल्हू को बंद कराने, गोपाली गांव में चोरी छिपे चल रहे खांड के प्लांट के मामले में कार्रवाई किए जाने, झबीरण व खुब्बापुर गांव में विद्युत पोल लगवाए जाने आदि मांगें की गई। किसानों ने चेताया कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो किसान धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस मौके पर केहर सिंह, दीपक त्यागी, फरमान अली, विमल कुमार, सत्तार, शहजाद, शाहनजर, दानिश, नईम आदि किसान शामिल रहे।

# हवन यज्ञ का किया गया आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** घर-घर यज्ञ, हर घर यज्ञ कार्यक्रम के तहत शिक्षक नगर के 50 घरों में एक साथ हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। इस दौरान भजन उपदेशकों ने भजनों के माध्यम से दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में अधिवक्ता जर्नादन दास त्यागी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सभा के तहसील अध्यक्ष मुकेश आर्य व मंत्री डा. सुरेंद्र आर्य ने कहा कि दीपावली का वैदिक स्वरूप अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कहा कि वैदिक परंपरा में दीपावली को दीपों का उत्सव भी कहा जाता है। जिसका मूल उद्देश्य नकारात्मकता को दूर कर आंतरिक ज्ञान और सकारात्मकता को जगाना है। प्राचीन काल में इसे कार्तिक अमावस्या की घनी रात में दीपक जलाकर अंधकार को दूर करने के लिए मनाया जाता था। भजनोपदेशक अंशुल आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। अजब सिंह, ईश्वर आर्य, विकास, पंकज, सतीश, ओमपाल, देवीदयाल, जगवीर, राजबीर, नीलम, प्रतिभा, सुभद्रा व संतोष आदि शामिल रहे।

## होमगार्ड की हालत बिगड़ी, मेरठ रेफर

**कांधला।** थाने पर तैनात एक होमगार्ड की अचानक से तबियत बिगड़ गई आनन-फानन में नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी कुलदीप पवार थाने पर होमगार्ड के पद पर तैनात है। सोमवार को कुलदीप पवार थाने पर डडूटी डडूटी करने के लिए आया हुआ था। डडूटी के दौरान अचानक से होमगार्ड की तबीयत बिगड़ गई और चक्कर खाकर होमगार्ड जमीन पर गिर पड़ा। थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर होमगार्ड के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# छात्र संस्कृति बनी एक दिन की चिकित्सा अधीक्षक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्रा संस्कृति को एक दिन का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया। संस्कृति ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर विभाग कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सरकारी अस्पताल अधीक्षक डा. रियंका चौधरी ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कक्षा 11 की छात्रा संस्कृति को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कराया। कुर्सी संभालते ही संस्कृति ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थिति पंजिका एवं भ्रमण पंजिका को देखा। उन्होंने समस्याओं को जानते हुए निराकरण करने को कहा। संस्कृति ने स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज का अवलोकन भी किया और कई मरीजों से बातचीत कर उनका हाल जाना।

चिकित्सा अधीक्षक डा. रियंका चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान वास्तव में सराहनीय है। इस अभियान से बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित हो रही है। इससे बेटियों को समाज और प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने के साथ ही अपने विचार रखने का मंच मिल रहा है। इस मौके पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक देवेंद्र कुमार, डा. आशुतोष, डा. राहुल कुमार, डा. कृतिका, मोतीलाल, भूप सिंह, पूनम त्यागी आदि अस्पताल का स्टाफ शामिल रहे।

# बीएससी कंप्यूटर साइंस में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** आज एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज बी।एससी द्धकंप्यूटर साइंसऋ विभाग द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत हेतु ष्फेशर पार्टी का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल एवं बी।एससी सी। एस विभागाध्यक्ष डॉ। संजीव तायल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का कॉलेज परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन प्रत्एक छात्र के लिए एक नए सफर की शुरुआत है, जहां वे न केवल अकादमिक ज्ञान अर्जित करते हैं बल्कि अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास भी करते हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीएससी कंप्यूटर साइंस विभाग विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और नवाचार की भावना से भी जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह फेशर पार्टी केवल एक मनोरंजक कार्यक्रम नहीं, बल्कि वरिष्ठ और कनिष्ठ विद्यार्थियों के बीच पारस्परिक सहयोग और सौहार्द्र की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम का संचालन सयुश शर्मा और हर्षित द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने शानदार एंकरिंग कौशल, शेरो-शायरी और मनोरंजक प्रस्तुतियों से पूरे कार्यक्रम में उत्साह और जोश का माहौल बनाए रखा। दोनों ने अपने ह्यूमर और एनर्जी से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फेशर पार्टी में विभिन्न मनो. रंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें नवप्रवेशी छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। छात्रों ने फैशन वॉक, डांस, सिंगिंग, मिमिक्री और स्किट जैसी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मंच पर छात्रों का आत्मविश्वास और उनकी प्रतिभा देखकर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में देवेश भारद्वाज, हर्षिता, और चंदना दीक्षित शामिल रहे, जिन्होंने चयनित प्रतिभागियों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछकर उनकी समझ आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक हर्षित, वैभव वत्स और रजत शर्मा रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी टीमवर्क और कुशल प्रबंधन की सभी ने सराहना की। फ्रेशर पार्टी के दौरान मंच पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोकगीत, आधुनिक नृत्य, ग्रुप डांस, और मजेदार गेम्स ने पूरे माहौल को उल्लास से भर दिया। वरिष्ठ छात्रों ने जूनियर्स का स्वागत गुलदस्ते और गिफ्ट्स के साथ किया। वहीं, जूनियर्स ने भी वरिष्ठ छात्रों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में ष्मिस फेशरष और ष्मिस्टर फेशरष जैसी उपाधियों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यक्रम में दिखा उत्साह

**खतौली।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यक्रम का आयोजन जिलेभर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में धूमधाम से किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के निर्देशन में सभी विद्यालयों में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसमें अध्यापकों, छात्र-छात्राओं व गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विकास क्षेत्र खतौली में खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने विकसित भारत बिल्डथॉन के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया। इस दौरान प्रत्येक शिक्षक ने पाँच-पाँच विद्यार्थियों की एक टीम का गठन किया। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, लोकल फॉर वोकल और समृद्ध भारत विषयों पर आधारित मॉडल के प्रोटोटाइप तैयार करेंगे।इन प्रोटोटाइप की वीडियो बनाकर 14 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विचारों और प्रोटोटाइप को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। साथ ही बच्चों को अपने विचारों के आधार पर मॉडल तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिले के परिषदीय और निजी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुलदीप जैन, अजय गुप्ता, सिद्धार्थ रघुवंशी, अमीर आज़म, चंद्रकांत, अजय कौशिक, राजेंद्र, विनोद आदि शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।

## अधिवक्ता की ड्रेस में काम कर रहे व्यक्ति पर किया जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता की ड्रेस में घूम रहे व्यक्ति को अधिवक्ताओं ने पकड़कर उससे एक लेटर लिखवाते हुए 5000 रूपये का जुर्माना जिला बार संघ में जमा कराया है। इस दौरान अमित विकल ने अध्यक्ष, महासचिव जिला बार संघ को एक पत्र भी लिखा है जिसमें कहा कि उसने कहा है कि वह भविष्य में कचहरी प्रागंण में अधिवक्ता की ड्रेस में विधि व्यवसाय नही करेगा।

## शिया समाज के हाजी जहीर हसन का निधन

**बुढ़ाना।** शिया समाज बुढ़ाना के सदर और कांधला विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक पद का चुनाव लडने वाले हाजी जहीर हसन अब इस दुनिया में नहीं रहे। नई दिल्ली के एक निजी हस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लगभग 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार आज सोमवार की सायं बुढ़ाना करबला में सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से कर दिया गया। उनके निधन पर बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद हाजी सिकंदर हुसैन, बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, अग्रवाल समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष राजेश संगल, कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, एचपी गैस एजैंसी के आनर नजर त्यागी, जौला यूथ क्लब से जीशान अहमद, मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी, कांग्रेस नेता रघुनंदन त्यागी, शूटर मनव्वर इम्तियाज़, सभासद इमरान कुरैशी, सभासद नितिन शर्मा, रवि वर्मा, मौ. मियां एड, पूर्व सभासद राशिद अजीम, हाजी अकरम शम्सी, शाहिद असलम और सुशील भारद्वाज दताना आदि ने शोक जताया।

## अहोई के चलते अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से रहे विरत

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बार एसोशिएशन बुढ़ाना की कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसका संचालन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने किया। जिसमे सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अहोई अष्टमी का त्यौहार होने के कारण वादकारियों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आज सोमवार के दिन दोपहर 01 बजे से समस्त अधिवक्ता न्यायालयों मे न्यायिक कार्यों से पूर्णतया विरत रहेंगे। कार्यों से विरत रहने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रुप से पूर्व बार संघ अध्यक्ष विनय बालियान, बाबू सिंह राठी, अवध बिहारी लाल गर्ग, श्यामवीर वर्मा, रविंद्र कुमार, बिश्वास त्यागी, मौहम्मद मियां, अलीम सिद्दीकी, आबाद कुरैशी, योगेश सैनी, रविकांत शर्मा, एसपी मलिक, फिरोज मंसूरी, प्रशांत शर्मा और अचल सहरावत आदि अधिवक्ता हैं।

## एकता, संघर्ष से मिलेगी सफलता : नवाज़िश आलम

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव में बिजनौर मार्ग पर आजाद समाज पार्टी द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आसपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक नवाज़िश आलम खान ने कहा कि लगातार संघर्ष करने से ही सफलता मिलेगी, संघर्ष नहीं करोगे तो किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलेगी। आजाद समाज पार्टी गरीबों, दलितों, पिछड़ों व दबे-कुचले वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही है। देश मे कहीं भी अन्याय की घटना हो राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद मौके पर जाते हैं और लोगों की आवाज बुलंद कर समाधान निकालते हैं। शोषित वर्ग अपने वोट की ताकत को पहचाने।आज़ाद समाज पार्टी मे जन विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# दो चोरों को सामान सहित किया गिरफ्तार



**अंबेहटा ( सहारनपुर )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में अंबेहटा चौकी प्रभारी विकास चारण ने पुलिस टीम को साथ लेकर कार्रवाई करते हुए रणदेवा रोड स्थित एक आम के बाग के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान आबिद पुत्र इलियास एवं मुकीम पुत्र मुस्तकीम रूम में हुई है। दोनों अभियुक्त गांव खेड़ा अफगान थाना नकुड़ के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी का सामान 1500 रूपए नकद, आधार कार्ड, प्लास्टिक के कट्टों में केबिल व जले हुए तार, एक बड़ा व एक छोटा यूपीएस, एक इन्वर्टर, ट्यूबवैल की केबिल, ट्यूबवैल के 11 टुकड़े केबिल-समरसिबल के चार टुकड़े, तांबे का जला व कटा हुआ वायर तथा 15 मीटर लाल व काले रंग की वायर शामिल पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया है।

# एसडी इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने भारतीय मोबाइल कांग्रेस में दिखाई तकनीकी प्रतिभा



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने देश में तेजी से बढ़ती डिजिटल प्रौद्योगिकी के युग में अपनी तकनीकी जिज्ञासा और नवाचार की भावना का प्रदर्शन भारतीय मोबाइल कांग्रेस 2025 में किया। यह आयोजन नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश की अनेक तकनीकी कंपनियों, विशेषज्ञों और शिक्षार्थियों ने भाग लिया। आयोजन के माध्यम से संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस और आईटी विभाग के छात्रों ने इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में आधुनिक मोबाइल तकनीक, 5जी एवं 6जी नेटवर्क, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आइओटी और साइबर सुरक्षा से जुड़ी नवीनतम जानकारियां प्राप्त कीं। छात्रों ने विभिन्न तकनीकी स्टॉलों का भ्रमण किया और उद्योग विशेषज्ञों से संवाद कर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया की दिशा में भारत की उपलब्धियों और विश्व तकनीकी मंच पर उसकी सशक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से नवाचार एवं अनुसंधान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि भारतीय मोबाइल कांग्रेस जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में हमारे विद्यार्थियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में निरंतर अग्रसर है। ऐसे अवसर छात्रों को न केवल आधुनिक तकनीक से जोड़ते हैं बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने और उनके समाधान की दिशा में सोचने की प्रेरणा भी देते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि भारतीय मोबाइल कांग्रेस जैसे वैश्विक मंच छात्रों को नई तकनीकों, अनुसंधान प्रवृत्तियों और औद्योगिक आवश्यकताओं से सीधे जोड़ते हैं। ऐसे अनुभव विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा और उद्यमिता दोनों क्षेत्रों में सशक्त बनाते हैं। हमारा संस्थान सदैव छात्रों को ऐसे नवाचार-आधारित अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

# भारत टेस्ट जीतने से 58 रन दूर



● **दूसरी पारी में स्कोर 63/1 राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे विंडीज ने 121 रन का लक्ष्य दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिए और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है।

उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं। चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुम. राह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की। इसके बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाए थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारि. कन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था। इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिए थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाए थे। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी थी।



## जॉन कैंपबेल ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन धैर्य और दृढ़ता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। इसी के साथ वह दक्षिण अफ्रीका के ट्रेवर गोडार्ड के बाद अपना पहला शतक बनाने वाले, दूसरे सबसे धीमे सलामी बल्लेबाज बन गए। कैंपबेल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि 50वीं टेस्ट पारी में हासिल हुई, जो कि उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 174 गेंदों का सामना किया और इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मार्च 2023 के बाद से यह किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का सभी टेस्ट मैचों में पहला शतक है। दक्षिण अफ्रीका के गोडार्ड ने 58 पारियों में अपना पहला शतक बनाया था। 2006 में बासेटेरे में डैरेन गंगा के 135 रनों के बाद भारत के खिलाफ पहला शतक था। यह 2002 में ईडन गार्डन्स में वेवेल हिंड्स के शतक के बाद भारतीय धरती पर किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक भी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह शतक केवल एक व्यक्तिगत जीत से कहीं बढ़कर है। इसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में एक पुनरुत्थान का संकेत दिया हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डेनमार्क ओपन में लक्ष्य, चिराग व सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेटी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था।

### हरिहरन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज में जीते दो युगल खिताब

**तुर्की, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीते। मिश्रित युगल के फाइनल में हरिहरन अम्मसकरुनन और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में जीत के तुरंत बाद हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल का खिताब भी जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने आधे घंटे से भी कम समय तक चले मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को 21-13, 21-6 से मात दी।

## जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

● **भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त हया अली को 11-5, 11-9, 11-6 व 11-8 से हराया**

**जापान, वार्ता।** दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुक. ाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

इससे पहले जापान ओपन में, जोशना ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नारदीन गरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी। उन्होंने दूसरे राउंड में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और अपने पहले मैच में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।



# द. अफ्रीका ने पाक को 378 पर रोका



**लाहौर, वार्ता।** सेनुरन मुथुसामी (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान को 378 के स्कोर पर समेटने के बाद लंच तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है।

पाकिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 313 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मुथुसामी ने मोहम्मद रिजवान (75) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठे सफलता दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर नोमान अली (शून्य) और अगली गेंद पर साजिद खान (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। पाकिस्तान का नौवां विकेट शाहीन शाह अफरीदी (सात) के रूप में गिर। उन्हें भी मुथुसामी ने आउट किया। इसके बाद 111वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रीनेलान सुब्रायेन ने शतक की ओर बढ़ रहे आगा सलमान (93) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 378 के स्कोर पर अंत कर दिया।

## सैंटनर होंगे टी-20 में टीम के कप्तान

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद, एक और विश्व स्तरीय टीम का हमारे यहां आना बहुत अच्छा है। हम जानते हैं कि हैरी ब्रूक और उनके टी-20 खिलाड़ी कितना रोमांचक क्रिकेट खेलते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए उत्सुक हैं। मिशेल की वापसी बहुत अच्छी है। हमारे कप्तान होने के साथ-साथ, वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सीमित ओवरों के स्पिनरों में से एक हैं और उनका कौशल और अनुभव स्वागत योग्य होगा। इसी तरह, रचिन का भी स्वागत है, जो दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूक गए थे और मुझे पता है कि वह इस श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हैं। इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:- मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक आदि।

# शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

● **आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 5 अंडर का स्कोर बनाया**

**गुरुग्राम, वार्ता।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरो. पियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी।

उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी, लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गई। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गई, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा कि मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं, प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

## भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गई। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विश्व के 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह ने घरेलू टीम के लिए पुरुष एकल टेबल टेनिस रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ शुरुआत की और 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। विश्व के 39वें नंबर के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने दूसरे मैच में 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए खेलते हुए, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने जोरदार प्रयास किया, लेकिन अंतत: लैम सियु हांग के खिलाफ 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए।

# सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

● **बीसीसीआई के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा**

**पटना, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है।

सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुक़ाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174-01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206-55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई।



# आखिरी छह ओवरों में खराब बल्लेबाजी से हारे: हरमनप्रीत कौर

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आखिरी ओवरों में निचले क्रम की बल्लेबाजी के अचानक ढह जाने से हम 30 से 40 रन पीछे रहे गए और इसी कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह हमने शुरुआत की, लगा था कि अगर हम 30-40 रन और जोड़ पाते तो फर्क पड़ता। आखिरी छह-सात ओवर में हम रन नहीं बना सके और वही हमें महंगा पड़ा।

विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था, लेकिन आखिरी छह ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं ले पाए।पहले 40 ओवर बहुत अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 10 ओवरों में हम सही तरीके से एक्सिक्यूट नहीं कर पाए। मैचों में ऐसा होता है, हर दिन शत प्रतिशत नहीं हो सकता, लेकिन यह अहम है कि वापसी कैसे करें। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि मेरे हिसाब से क्रिकेट में फिनिश बहुत अहम होता है। मैं हमेशा कहता हूं। हां, अच्छी शुरुआत चाहिए लेकिन उससे भी बेहतर अंत चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मैच में हमने आखिरी पांच ओवर में खराब गेंदबाजी की और वो गेम गंवाया। आज भी अगर हम 20 रन और बना लेते, तो नतीजा अलग हो सकता था। लेकिन यह सब प्रक्रिया का हिस्सा है। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी सीख यही है कि हमें बेहतर फ़िनिश करना सीखना होगा। मजूमदार ने कहा कि इस मैच के बाद हम निश्चित रूप से इसका विश्लेषण करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर चर्चा करेगा और अगले मैच के लिए सही फैसला लेगा। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच के बाद हमने लंबी चर्चा की कि बल्लेबाजी अप्रोच कैसी होनी चाहिए।



CMYK



# घाट पर होगा छठ पूजा का भव्य आयोजन

## मेयर डा.अजय कुमार सिंह व नगर आयुक्त शिपू गिरी ने किया छठ पूजा के घाटों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह रोड़ स्थित बड़ी नहर पर छठ पूजा का त्यौहार भव्य रुप से आयोजित किया जायेगा। इसके लिए महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम अधिकारियों के साथ छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि आज गंगोह रोड स्थित छठ पूजा घाट पर पहुंचे और छठ पूजा की तैयारियों को लेकर जायजा लिया। नदी पर पुल निर्माण कार्य चलने के कारण व्यवस्थाओं में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों के सुझाव पर घाट तक पहुंचने के लिए पुल से रैम्प बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नदी एवं घाटों की साफ सफाई कराकर रंगाई-पुताई के साथ उसका पूरा सौंदर्यीकरण करने पर भी जोर दिया। नगरायुक्त ने श्रद्धालुओं के स्वागत को गंगोह रोड पर शुगर मिल पुलिस चौकी व महाड़ी सहित पांच भव्य गेट बनवाने, दीपोत्सव की तरह घाट व आसपास प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। महापौर ने नदी में जगह-जगह इकट्ठा हुई मिट्टी को निकालकर घाट के किनारों का मिट्टी से भराव कराकर समतल करने, घाट पर भव्य मंच बनाने, श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगाने तथा आस पास श्रद्धालुओं का स्वागत करने वाले फलेक्स लगवाने आदि की व्यवस्था के सम्बंध में निर्देश दिए। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों हरिशरण तिवारी, संदीप रावत, रमाशंकर सिंह, राकेश राणा, सोनू सिंह, मातम यादव, राजा यादव, अनिल गिरि, अभिषेक सिंह, भारत यादव, अवधेश तिवारी, दीपक कुमार, ठाकुर प्रिंस सिंह, संतोष चौहान, हेमंत यादव आदि द्वारा दिए गए सुझावों पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बंध में और भी कई निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, जेडएसओ राजीव चौधरी के अलावा पार्षद नीरज शर्मा, वीरेंद्र उपाध्याय, समीर अहमद, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण शामिल रहे।



# विकसित भारत के लिए विकसित यूपी बनाना लक्ष्यः मेहरबान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक पुंवारका में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी वर्ष महाभियान के अंर्तगत विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससीएसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुलबीर राणा, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष संजय वालिया रहे। ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने कहा कि जैसे-जैसे भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करने की ओर अग्रसर है, वैसे-वैसे उत्तर प्रदेश ने भी एक दिशा तय की है। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है क्योंकि जब उत्तर प्रदेश आगे बढ़ेगा, तो भारत अपने विकास के नए आयाम छुएगा।

खंड विकास अधिकारी श्रीमती नीरू मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया।

# उत्तराखंड हो आपदाग्रस्त घोषितः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री उत्तराखंड प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड को आपदा ग्रस्त राज्य घोषित किया जाए।

चौ.नीरपाल सिंह आज यहां एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से किसानों का बकाया गन्ना का भुगतान तुरंत कराने, इकबालपुर चीनी मिल सहित हरिद्वार जिले की चीनी मिलों पर बकाया किसानों का करोड़ो रुपया दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 15 दिनों में भुगतान नहीं किया गया तो राष्ट्रीय लोकदल चीनी मिलों पर धरना प्रदर्शन करेगा। उत्तराखंड में युवा रोजगार के लिए परेशान है, बाढ़ पीड़ितों को अब तक मुआवजा नहीं मिला। उत्तराखंड को आपदा ग्रस्त राज्य घोषित किया जाना चाहिए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी, चौ मित्रपाल प्रधान, मोहकम सिंह, अरविन्द सिंह, मो यूसुफ, तनवीर, मो एजाज, मो समीर, दिलशाद, विपिन कुमार, राहुल राणा आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूल में चोरी

**चिलकाना।** ग्राम चालाकपुर में अज्ञात चोरों ने देर रात्रि के समय उच्च प्राथमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाया है। विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार व सोमवार की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार में नकब लगाकर विद्यालय कक्ष में रखा हुआ एक इन्वर्टर व दो बैंटरे उड़ा लिए गए हैं। विद्यालय प्रधानाध्यापक ने बताया है कि सोमवार को सुबह के समय जैसे ही वह विद्यालय के अंदर पहुंचे तो देखा कि विद्यालय कक्ष की दीवार टूटी हुई है तथा कक्ष के अंदर रखा हुआ एक इनवर्टर व दो बैंटरे वहाँ से गायब हैं। घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक द्वारा डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# जिले में 20 को मनाया जाएगा दीपावली पर्व

## श्री गोटेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी एकता मठ की बैठक में लिया गया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दीपावली पर्व को लेकर बन रही भ्रम की स्थिति को दूर करते हुए सनातनी विद्वानों ने पुराणों व शास्त्रों के आधार पर एक मत होकर दीपावली 20 अक्टूबर को मनाने का निर्णय लिया और लोगों से 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का आहवान किया।

पुजारी एकता परिषद की ओर से गोवर्धन मठ पुरीपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के आदेशनुसार श्री गोटेश्वर महादेव मंदिर में विद्वानों की बैठक की। जिसमें 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। पं. अमित ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई और जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के आदेश और शास्त्रों को सर्वोपरि मानते हुए अहम निर्णय लिये। जिसके अनुसार 18 अक्टूबर को धनतेरम, 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 20 अक्टूबर को दीपावली, 21 अक्टूबर को पितृ पूजन, 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा तथा 23 अक्टूबर को भैयादूज मनाया जायेगा।



इस दौरान आचार्य पं.प्रगीत कौशिक, पं. कमलनयन वेदपाठी, आचार्य सुभाष, पं. संजीव शास्त्री, पं. अवधेश तिवारी, आचार्य पं.अमित भारद्वाज, महामंडलेश्वर धीरजानंद, पं.अरूण कौंडिल्य, पं.मुरारी झा, पं.अवधेश उनियाल, पं. महंत नीलकंठ, रजनीश पराशर, पं.मदनगोपाल आचार्य, पं.सचिन शाण्डिल्य, सुमित भारद्वाज, पं.संदीप शर्मा, पं.शुभम कौशिक, पं.अमित देव वशिष्ठ, कन्हैयालाल प्रजापति, पं.प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को खेल किट वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत बेगपुर के प्रांगण में आयोजित की गयी।

ग्राम प्रधान मो इकराम व ग्राम विकास अधिकारी इस्लामुद्दीन ने बच्चों बालिकाओं को खेल कूद के फायदे बताए व अच्छे नम्बर पाने वाले बच्चों को कुछ खेल किट व लंच बॉक्स पैनसिल बाक्स आदि सामान बाटा गया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील कुमार प्रधान पति असलम प्रधान दिलशाद ग्राम सेवक अ वहाब सहायक जीशान अली यासीन मीर आदि मौजूद रहे।

# संगठन की कार्यप्रणाली व योजनाओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट की वार्षिक बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली, आगामी योजनाओं और जनपद में रक्तदान के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संस्था की नई कार्यकारिणी विंग संरचना को औपचारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें विभिन्न विंग्स के पदाधिकारियों ने अपने पदभार ग्रहण किए। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। सभी सदस्यों ने संगठन के सतत विकास और आपसी समन्वय पर बल दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में डबल सेंचुरियन रक्तदाता दीपक कुमार पंघाल और प्रदीप इसरानी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के कानूनी सलाहकार और वरिष्ठ संरक्षक चन्द्रजीत सिंह निक्कू ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का मिशन केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-जागरूकता, स्वास्थ्य सहयोग और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। नई कार्यकारिणी विंग के गठन से संस्था और सशक्त हुई है।



ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार देव कुमार, मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार वर्मा, संस्थापक सदस्य तरुण भोला, अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने भी विचार रखे।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस व मिशन शक्ति एंटीरोमियो की संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज यादव ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर बाजार व मिशन शक्ति एंटीरोमियो की संयुक्त पुलिस टीम ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक विकास कुमार व उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार के नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चौकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के चार शातिर वाहन चोरों अजित पुत्र केहर सिंह निवासी नंदवाटिका गलीरा रोड, मनोज पुत्र जोगेंद्र निवासी किराए का मकान एलआईसी वाले संदीप का ग्राम फतेहपुर जट, बाबर अली पुत्र मौ. याकूब निवासी ग्राम फतेहपुर जट मस्जिद वाली गली सभी थाना सदर बाजार व साहिल उर्फ सोनू पुत्र जफर निवासी किराए का मकान जहीर का एकता कालोनी कोलागढ़ रोड अख्तर मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर को छोटी लाईन पर आईटीसी रोड तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 3 वाहन जिनमें एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल, चोरी की दो एक्टीवा व दो स्कूटी की नम्बर प्लेट बरामद कर ली।

# टीपू सुल्तान ने दिए अपने सुझाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आदर्श नगर पंचायत बेहट में विकसित प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 संकल्प से समृद्धि तक 12 बिंदुओं पर नागरिक सुझाव पोर्टल पर मांगे गए सुझावों के क्रम में समाजसेवी टीपू सुल्तान व उनकी पत्नी सभासद आयशा ने अपने सुझाव दिये।

समाजसेवी टीपू सुल्तान व उनकी पत्नी सभासद आयशा ने शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार, एवं पार्क, आदि कई सुझाव दिए। इसके अलावा आदर्श नगर पंचायत बेहट की वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए अधिशासी अधिकारी श्रीमती सविता वर्मा से गृह कर एवं जलकर, वार्ड नंबर 2 मोहल्ला खालसा में सभासद अंजू के द्वारा नाली निर्माण मोहल्ला महाजनान वार्ड 13 में सफाई को लेकर वायरल वीडियो में सफाई के समाधान के लिए बात की। पूरे कस्बे की हर छोटे बड़ी समस्या के समाधान पर चर्चा की।

इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश बाबू, इरशाद बाबू सतनाम अजीम राकेश बिरला अब्दुल मलिक दीपचंद भगत आदि मौजूद रहे।

# गजरथ महोत्सवःप्रभु की भक्ति में डूबा जैन समाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जैन समाज के पांच दिवसीय प्रसिद्ध गजरथ यात्रा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में आओ झूमे वीर प्रभु की भक्ति में कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण भक्तिमय होकर झूम उठे, जैन बाग मंदिर परिसर की नवनिर्मित धर्मशाला के पावन मंच पर श्री महाव. ीर प्रभु की वंदना भक्ति अर्चना जो संगीत और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की गयी, ने सभी का मन मोह लिया, कार्यक्रम की प्रस्तुति छोटे-छोटे बच्चों ने मंगलाचरण करके किया इसके अलावा सारिका जैन, रचना जैन,शिल्पी जैन ,आस्था जैन, वंशिका जैन ध्रुवी जैन रिसीता जैन द्वारा दी गयी।

कार्यक्रम का सफल संयोजन दीपक जैन, अतुल जैन और आदित्य जैन, दीपक जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन धनेन्द्र जैन, चित्र अनावरण विनोद जैन, दीप प्रज्जलन दीपक जैन पुरस्कार वितरण गौरव जैन सौरभ जैन और सभी अतिथियों का स्वागत वैभव जैन शुभम जैन द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का सफल निर्देशन शिवानी सिंगल व कोरियोग्राफर मिष्टी जैन द्वारा किया गया।

जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा महावीर भगवान की भक्ति पर आधारित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सम्मानित करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम वर्षों तक हमारे हृदय स्थल पर संजीव रहेगे, भाजपा महानगर पूर्व अध्यक्ष और महोत्सव के मुख्य संयोजक राकेश जैन ने कार्यक्रम के आयोजको और कोरियोग्राफर का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी

प्रोग्राम को सफल बनाने में महामंत्री संजीव जैन उपाध्यक्ष विपिन जैन उप मंत्री अविनाश जैन कोषाध्यक्ष अरुण जैन मुख्य संयोजक विनोद जैन अजय जैन अतुल जैन विनय जैन प्रसाद जैन छवि जैन पंकज जैन संध्या जैन अंकुर जैन दीपक जैन एडवोकेट सिद्धार्थ जैन अनिल जैन अक्षत जैन धवल जैन मनोज जैन पूर्व पार्षद पुष्पेंद्र जैन चौधरी अनुज जैन अप चौधरी संदीप जैन चौधरी अजीत जैन चौधरी राकेश जैन महावीर जैन ऋषभ जैन अमित जैन बिन्नी चौधरी विनय जैन बिन्नी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# लाइव प्रसारण दिखाया

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज गंगोह में विकसित भारत बिल्डथान पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथि प्रबंधक योगेश गर्ग व प्रधानाचार्य विजय कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पांच -पांच छात्रों की टीमें गठित की गयी। छात्र छात्राओं के द्वारा आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत 2047 के लिये कृषि व मौसम संबंधी अपने विचार व प्रोटोटाइप प्रस्तुत किये।घ अतिथि व प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को कहा कि विकसित भारत 2047 भारत सरकार का एक विजन है। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापक ऋषीश कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, डा केके वर्मा, मुकेश कुशवाहा, विनय कुमार, संजय सैनी, डा. नाथीराम, धनन्जय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने बनाए शानदार मॉडल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकसित भारत बिल्ड्थान 2025 संबंधित जनपद स्तरीय कार्यक्रमसमस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित किया गया।



पीएम श्री विद्यालय कैलाशपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुलदीप सिंह राणा ने किया। इस अवसर पर विकसित भारत बिल्ड्थान में स्कूल के द्वारा स्टाल लगाए गए जिसमें उन्होंने विक. सित भारत बिल्ड्थान में अपने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और और समृद्ध भारत थीम के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया बच्चों के थीम आधारित मॉडल बहुत ही नवाचारी व प्रशंसनीय रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को अपने थीम आधारित विचार व मॉडल को बेहतर ढंग से बनाकर निर्धारित प्रारूप पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया। जिला समन्वयक अरविन्द कुमार सिंह, राष्ट्रीय नवाचार मैराथन, विकसित भारत 2025 के लिए नवीन तकनीकियों को सीखने नई-नई तकनीक को विकसित करने, उपकरण चलित मॉडल छात्रों के द्वारा बनाए गए मॉडलों एवं बच्चों को और बेहतर मॉडल बनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरज धीमान सहायक अध्यापक ने किया एवं प्रधानाध्यापिका शमा प्रवीन ने सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों, अभिभावकों का आभार एवं स्वागत किया गया।

# बेखौफ होकर करें अत्याचार का विरोधः सिद्धार्थ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा संचालित योजनाओं व कानूनो की जानकारी देने के साथ ही साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस.पी. ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजय कुमार, महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, स्कूल की प्रिन्सिपल आदेश सिसोदिया एवं कोऑर्डिनेटर सोनम अत्री ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा' ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि कानूनों की जानकारी होने पर किसी भी तरह की घटना के खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। उन्होंने छात्राओं को शासन की योजनाओं व कानूनों की जानक. ारी प्रदान करते हुए बेखोफ होकर अपने साथ होने वाली किसी घटना का विरोध करने का आहवान किया। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि सभी बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर लगन व मेहनत के साथ शिक्षा हासिल करे तथा अपने माता पिता को अपेक्षाओं को पूरा करे उन्होंने कहा कि लाइसेंस बनने तक बच्चे वाहन न चलाये क्योकि दुर्घटना होने पर उसका खामियाजा परिवार को पूरे भुगतना पड़ता है। महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, हेल्पलाइन नम्बर व शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजय कुमार ने भी जागरूक किया।



CMYK

# बिहार पर नजर

सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा 7 अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 8 सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव कराए जा रहे हैं। बिहार के दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू कश्मीर विधानसभा के उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाने हैं। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब जनता दल आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उन पर आरोप तय कर बड़ा झटका दिया है। इससे बिहार चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों की भी नजर है। यूं भी चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर कराने के बाद वहां चुनाव कराने जा रहा है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप भी लगते रहे हैं कि उसने अपनी मनमानी के चलते बड़ी संख्या में लोगों को चुनाव से वंचित कर दिया, विशेषकर हाशिए पर पड़े लोगों को। विपक्ष ने इसको बड़ा मुद्दा भी बनाया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय चुनाव आयोग के सामने पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से बिहार के विधानसभा चुनाव कराना बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि बिहार ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह वोट चोरी कराता है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर इस तरह के सबूत भी दे चुके हैं जिससे संदेह होता है कि कहीं न कहीं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है या वह हो रही है। जहां तक बात चुनाव आयोग की है वह बराबर राहुल गांधी के आरोपों से इन्कार करता रहा है, लेकिन कोई ठोस तर्क इसकी तरफ से कोई देखने में नहीं आया है। इस बात का चुनाव आयोग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है कि एकाएक किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता कैसे जोड़े गए या कहीं उनके नाम काट दिए गए। एक नहीं दर्जनों स्थानों पर ऐसा भी देखने में आया है जहां एक ही कमरे के पते पर हजार वोटों से ऊपर दर्ज हैं। होना तो यह चाहिए था कि चुनाव आयोग आगे आकर यह कहता कि वह इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरी से जांच कराएगा। इसके उलट वह राहुल गांधी से ही उस संबंध में शपथपत्र मांग रहा है। इससे और संदेह पैदा होता है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए और सबसे बड़ी बात चुनाव आयोग को अपनी कार्यशैली से कभी भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, क्योंकि अगर चुनाव ही निष्पक्ष नहीं होंगे, तो यह हमारी पूरी लोकतंत्र प्रणाली के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा और उस सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी जिस पर धांधली से सत्ता में आने के आरोप लगे हैं। यही कारण है कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर सबकी नजर लगी हुई है। यह अच्छी बात है कि पिछली बातों से सबक लेकर इस बार चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया है, क्योंकि जब पिछले चुनाव हुए थे तो वह सात चरणों में हुए थे। इसको लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई थी। अब जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो गई है, उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बेहतर काम करेगा।

## खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं



उप्र सरकार ने विगत 3 वर्षों में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है, खेल, व्यक्ति को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है, खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, अपितु यह जीवन की आवश्यकता एवं स्वावलंबन का आधार भी है, विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं में आठ खेल विधाओं को हमने शामिल किया है, हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धा का जब उचित अवसर प्राप्त होता है, तो वे अपनी प्रतिभा की छाप राष्ट्रीय स्तर पर छोड़ते हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप**

# मानव जीवन में मादक पदार्थों से नुकसान तथा उनसे बचाव

**प्रो. आरके सिंह**

भारत में युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों का दुरुपयोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा है। आधुनिक समय के जीवन के तनाव ने व्यक्ति को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की समस्या की ओर उन्मुख कर दिया है। शराब एवं मादक द्रव्यों की लत से न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि परिवार एवं समाज को भी बहुत ही प्रभावित करता है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। पूरी दुनिया में लगभग 30 लाख करोड़ का है नशे का कारोबार, जिसके चलते शराब और नशीली दवाओं के सेवन से प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जिनमें से अधिकांश पुरुषों की होती हैं। ये आंकड़े हर मां-बाप के लिए चिंता. जनक हैं। इन मादक द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को बिना शर्त प्यार देना चाहिए, अपने बच्चे के आत्म-सम्मान को मजबूत करना चाहिए और अच्छे विशेषज्ञों या डॉक्टर की मदद लेने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध सरकारी प्रयास**

मादक पदार्थों के विरुद्ध का अर्थ है नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण, तस्करी और व्यापार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले प्रयास, जिसमें कानून बनाना, सख्त कानून लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता फैलाना और साम. ुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल है। भारत में 1985 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस NDPS एक्ट लागू किया गया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ कड़े प्रावधानों वाला एक कानून है। साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां Psychotropic : औषधियों का एक ऐसा समूह होता है जो तन्त्रिका तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां कहलाता है। इनको नियमित रूप से प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को इनकी लत पड़ जाती है, इसे औषध व्यसन drug addiction कहते हैं। इसके कारण व्यक्ति शारी. रिक तथा मानसिक रूप से रोगी हो जाता है।

मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) शुरू किया। जिसका शुभारंभ 32 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए किया गया है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे संवेदनशील माना गया है।

**मादक पदार्थों की लत का कारण क्या है**

**मनोवैज्ञानिक कारक**-मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे अवसाद, चिंता या आघात, मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकती हैं, क्योंकि लोग भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं।

**सामाजिक कारक**- साथियों का दबाव, सामाजिक मानदंड और सामाजिक स्वीकृति के कारण व्यक्ति पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।



**मादक पदार्थों के नुकसान**- भारत में अनेकों प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है जैसे अफीम, हेरोइन, बार्बिटुरेट्स आदि।

**उत्तेजक पदार्थ**- ये दवाएं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाती हैं। जैसे- एम्फैटेमिन, कोकीन, आदि।

**मतिभ्रमकारी पदार्थ**- ये ऐसी दवाएं हैं जो हमारी सामान्य दृष्टि, श्रवण और अनुभूति की क्रियाओं को विकृत कर देती हैं।

मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़ी समस्याओं में कई जटिलताएं होती हैं। यह यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त कई लोग अवसाद , चिंता या द्विध्रुवी विकार जैसे अन्य मानसिक विकारों का भी अनुभव करते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के परिणामस्वरूप अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में मादक द्रव्यों के सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

**मादक द्रव्यों से बचाव**

मादक पदार्थों से बचाव के लिए शिक्षा, सकारात्मक आदतें, और सही संगति बहुत महत्वपूर्ण हैं। मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए मना करना सीखें, ऐसे शौक या गतिविधियों में शामिल हों जिनमें आपकी रुचि हो, और ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हों। अगर आपको या आपके किसी परिचित को मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में मदद की जरूरत है, तो योग्य विशेषज्ञों या डॉक्टर से सलाह लेना सबसे अच्छा है।

मादक द्रव्यों से बचाव के लिए शिक्षा, वकालत और सुरक्षित वातावरण तैयार करना महत्वपूर्ण है। इसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना और श्नाश कहना सिखाना शामिल है। इसके अलावा, सामाजिक सहायता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नशीले पदार्थों की उपलब्धता कम करने वाले कानूनों को मजबूत करना भी प्रभावी कदम हैं।

**व्यक्तिगत स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा और जागरूकता**- मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिमों और हानिकारक प्रभावों के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करें।

**न कहना सीखें**- जब कोई आपको मादक पदार्थ देने की कोशिश करे तो श्नाश कहने का अभ्यास करें।

**सकारात्मक आदतें अपनाएं**- अपनी रूचि के अनुसार खेल, संगीत, या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में खुद को व्यस्त रखें।

**स्वस्थ दोस्ती**- ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**भावनात्मक मुकाबला**- तनाव, चिंता या उदासी से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें। जैसे कि व्यायाम करना, योग करना, या किसी दोस्त से बात करना।

**मदद मांगें**- अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय वयस्क, जैसे माता-पिता, शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें।

**धैर्य और दृढ़ संकल्प**- मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव एक सतत प्रक्रिया है। खुद पर और अपनी पसंद पर विश्वास रखें।

**सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा कार्यक्रम**- स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में नशीली दवाओं की रोकथाम के कार्यक्रम चलाएं जो शैक्षिक और संवादात्मक हों। ऐसे कानूनों और नीतियों का समर्थन करें जो नशीली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हों। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाने चाहिए।

**कानूनी उपाय**

**नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट**

यह कानून मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, तस्करी, आयात और निर्यात को प्रतिबंधित करता है। एक्ट के उल्लंघन पर कठोर कारावास और भारी जुर्माना दोनों का प्रावधान है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा शामिल हो सकती है। स्वास्थ्य शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता अभियान मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करों को पकड़ने के लिए जनता और स्थानीय निकायों का सहयोग आवश्यक है। उन लोगों को उपचार प्रदान करना जो मादक द्रव्यों के सेवन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (जैसे अवसाद या चिंता) से भी जूझ रहे हैं, महत्वपूर्ण है।

**नशीली दवाओं से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**

1. नशीली दवाओं से दूर रहें, खासकर जब आप तनाव या दबाव में हों।
2. उन दोस्तों और गतिविधियों से बचें जो आपको नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित कर सकते हैं।
3. अपने परिवार और भरोसेमंद दोस्तों से बात करें यदि आपको लगता है कि आप मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम में हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो मनोरोग विशेषज्ञ या डॉक्टर से मदद लें।

मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई में न केवल कानूनी और प्रवर्तन उपाय शामिल हैं, बल्कि समाज और समुदाय की भागीदारी, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण हैं। मादक द्रव्यों से भावी रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक कौशल और मुकाबला करने की रणनीतियों को बढ़ावा देना, परिवारों और समुदायों को शामिल करना और व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां शामिल हैं, जो युवा और जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। साथ ही मादक द्रव्यों से बचाव अभियान की सफलता व्यक्ति, परिवार और समुदाय के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है, जो एक सतत और अनुक. ूलनीय रणनीति अपनाते हैं।

(लेखक हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट सी.सी.आर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर से संबंधित हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे कलाम

**कमरुल इस्लाम**



डाएपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में एक साधारण से गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में अखबारों को बेचते हुए डॉ. कलाम ने मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज, मद्रास से एरोनौटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। शुरू में उनका लक्ष्म पायलट बनने का था किन्तु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। डॉ. कलाम ने शुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में सेवाओं प्रदान की और फिर डीआरडीओ में इंटग्रेटेड गाईडेड मिसाईल डवलपमेंट प्रोग्राम IGMDP के प्रमुख के रूप में पांच मिसाईल पृथ्वी-आकाश-त्रिशूल, नाग और अग्नि के अनुसंधान और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आगे चलकर, इस तकनीक को और उन्नत रूप से विकसित किया गया। आज राज दुनिया की बेहतरीन व उन्नत मिसाईल बनाने में सक्षम है। अब डॉ. कलाम की चर्चा सारे विश्व में मिसाईल मेन के रूप में होने लगी थी।

भारत के रक्षा वैज्ञानिक सलाहकार एवं चीफ डीआरडीओ के उच्च पद पर कार्य करने के पश्चात भी डॉ. कलाम तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे। डॉ. कलाम महान वैज्ञानिक ही नहीं, अपितु शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी विशेष रूचि रही। वह सबों के साथ उनका मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जीवन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की लालसा उन्हें एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व का मालिक बनाती है। भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों का महत्व देते हुए उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण तथा भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। 25 जुलाई 2002 में डॉ. कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने।

( लेखक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में निजी सचिव रह चुके हैं, फिल्हाल वह सेवानिवृत्त हैं)

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जल्दबाजी ठीक नहीं



**मसूद हसन**

वक्फ संशोधन कानून और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के अन्तरिम फैसले से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मुसलमानों के बड़े तबक` को आशंकाओं एव ं असन्तोष ने घेर लिया है। यदि सरकार ने इन आशंकाओं पर गौर किए बिना कानून को जल्दबाजी में लागू करने और मुसलमानों के अनुसार उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया तो मुसलमानों की ओर से यह एक बड़े आन्दोलन का रूप ले कसता है। यह आन्दोलन सीएए और एनआरसी विरोधी आन्दोलन से बड़ा भी हो सकता है क्योंकि इसमें धर्म का रंग भी शामिल है।



मुसलमानों को मुख्य आपत्ति जिलाधिकारी को असीमित अधिकार देने, वक्फ बोर्डों में गैर मुसलमानों की नियुक्तियों और वक्फ बोर्ड यूजर का प्रावधान खत्म किए जाने पर था। अदालत ने जिलाधिकारी के अधिकार पर अन्तरिम रोक लगाने के साथ गैर मुस्लिमों की सदस्य संख्या भी सीमित की है, लेकिन अदालत वक्फ बोर्ड यूजर पर खामोश है।

मुसलमानों का कहना है कि देश के बंटवारे के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने दिल्ली में जामा मस्जिद में दिए गए ऐतिहासिक खुतबे में मुसलमानों से पाकिस्तान न जाने की अपील करते हुए उन्हें बुजुर्गों का कब्रों का हवाला दिया था और आज उन्हीं कब्रों पर संकट आ गया है। संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक मामले में अपने धर्म अनुसार पालन करने का अधिकार देता था। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के जिन कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है, उसमें वक्फ बोर्ड सदस्य बनने के लिए इस्लाम का पांच साल तक पालन करने की शर्त और जिला कलेक्टर को किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने का अधिकार देना शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर आगे सुनवाई करेगा, क्योंकि कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। विभिन्न मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने न्यायालय के इस फैसले का सीमित स्वागत किया है, क्योंकि इससे मुस्लिम संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश को आंशिक राहत लेकिन कई प्रावधानों पर निराशा जताई है। ला बोर्ड ने कलेक्टरों की शक्तियों पर रोक और वक्फ बाई यूजर को सुरक्षित रखने का स्वागत किया लेकिन कई धाराओं को असंवसैधानिक बताया। लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा बैठक की बोर्ड ने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने इस बिल का विरोध किया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 वक्फ अधिनियम 1965 में संशोधन करता है, जिसमें केन्द्र का नियंत्रण बढ़ता है और गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका होती है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेबही बढ़े। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2025 में इसे मंजूरी दी, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने सितम्बर 2025 में वक्फ संशोधन अधिनियम बनाने के लिए पांच साल की मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी है, साथ ही कलेक्टर द्वारा संपत्ति अधिकार तय करने के प्रावधान पर भी रोक लगाई है, जो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन माना गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों पर केन्द्र के नियंत्रण को बढ़ाता है और भविश्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करता है। कई राउंड की सुनवाई के बाद अन्तरिम फैसला आया है। इस कानून के खिलाफ जिन मुस्लिम समुदायों के लोगों ने विरोध जताया है, उन का कहना है यह लड़ाई लम्बी है। कांग्रेस नेता इमरान प्रताप गढ़ी भी याचिकाकर्ता हैं, उन्होंने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वक्फ संशोधन कानून की आत्मा पर रोक लगा दी है। वक्फ का अर्थ अल्लाह की सेवा के लिए किसी मुसलमान द्वारा अपनी किसी भी चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थाई रूप से समर्पित करना है।


एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह अविभाज्य हो जाती है और जिसे बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है और वह हमेशा के लिए अल्लाह की संपत्ति मानी जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया दान। वक्फ की सम्पत्ति को बेचा नहीं जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। वक्फ संपत्ति अल्लाह में निहित होती है। यह स्थाई मानी जाती है। एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ का नियम लागू होता है। वक्फ संपत्तियों का प्रबन्धन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता है, जो वक्फ की देखरेख करते हैं। दिल्ली सल्तनत के दौरान वक्फ की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया था, जब शासकों ने मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए संपत्तियां दान की थीं। नवाबों ने धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए जमीनें वक्फ की थीं। वक्फ बोर्ड का गठन वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और देखरेख को व्यवस्थित किया जा सके। 1964 में केन्द्रीय वक्फ परिशद की स्थापना हुई, जो राज्य वक्फ बोर्डों के कामकाज की निगरानी और सलाह देने का काम करती है। इस अधि. नियम को वक्फ अधिनियम 1995 में प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ प्रबन्धन को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए एक औपचारिक ढांचा स्थापित किया गया। वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्य वक्फ से संबंधित संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण और प्रशासन करना है। वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाता है। यह एक व्यवस्था है जो राज्य वक्फ बोर्डों की देखरेख करता है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित किए जिनका काम अपने राज्य की वक्फ संपत्तियों का प्रब ंधन करना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

**बीजिंग।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी।



**इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई**

इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई। फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे। तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया। फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

## रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारतः यूक्रेनी थिंक टैंक

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।



नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुई एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, चार की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तुर्की दजला, फरात नदियों में और पानी छोड़ेः इराक

**बगदाद।** इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवम्बर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

### यूक्रेनी ड्रोन डोनेट्स्क में बस पर किया हमला, छह घायल

**मॉस्को।** यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के गोरलोव्का में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। गोरलोव्का के मेयर ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार गोरलोव्का के मेयर इवान प्रिखोदको ने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि गोरलोव्का के एक आवासीय क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक बस पर हमला किया, जिससे छह लोग घायल हो गए।

# हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए

## 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया, बदले में इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया



**तेल अवीव।** हमास ने सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रास को सौंपा। इसके बाद इजरायली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इजरायल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजरायली बंधक नहीं है।


हमास आज ही 28 इजरायली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इजरायल ने आज 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे। ट्रम्प, नेतन्याहू के साथ इजरायली संसद पहुंचे। इससे पहले नेतन्याहू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कोशिशें की हैं। उन्हें अगले साल शांति का नोबेल मिलना

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे, खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे**

चाहिए। इजरायली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है।

इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजरायल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी।अमेरिका को भी इस बात की जानकारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है। अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजरायली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजरायल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी। ट्रम्प का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि 2 इजरायली सांसद फलस्तीन के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें संसद से बाहर खींचकर बैनर छीन लिए। इजरायली सांसद ने संसद में एक प्लेकार्ड पकड़ा है जिसपर 'फलस्तीन को मान्यता दो' का नारा लिखा है। ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की। उन्होंने आगे कहाः यह इजरायल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है।

### ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं। लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। सदियों बीत गए हैं। मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है। इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है। इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है। युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे। यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुई थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से इज़रायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 18000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। उड़ान भरने से पहले ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया। उन्होंने युद्ध विराम के लिए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कतर की भूमिका की प्रशंसा की।

# गाजा में हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

## फलस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**गाजा।** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। झड़प में एक फलस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया।

**यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया**

डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी से लोग डरकर भाग रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि इस बार लोग इजरायली हमलों से नहीं, बल्कि अपने ही लोगों से भाग रहे थे। डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्की में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जानस्टन और इजरायली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

# ट्रम्प के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई।

अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गार्ड्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गार्ड्स की तैनाती के फैसले की



**सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध**

खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है। रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है।

## भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति 43 साल बाद रिहा, गलत आरोप में काटी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में भारतीय-अमेरिकी सुब्रमण्यम वेदम 43 साल तक हत्या के एक झूठे मामले में जेल में रहने के बाद रिहा कर दिए गए हैं। 64 साल के वेदम को 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वेदम, एक स्थाई अमेरिकी निवासी है। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या के आरोप लगे। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उसे 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अगस्त 2025 में, सेंटर काउंटी के जज जोनाथन ग्राइन ने उनकी सजा को पलट दिया।

# इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर का

**स्टाकहोम।** इस साल इकोनामिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हाविट (अमेरिका) और फिलिप एगियान (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनावेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है।

तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और

**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला, 10 करोड़ प्राइज मिलेगा**

जीवन स्तर बेहतर होता है। विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसम्बर को स्टाकहोम में दिए जाएंगे।

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना और बदलाव स्वीकार करना भी बहुत जरूरी है। फिलिप एगियान और पीटर हाविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

# अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर एफआरआरओ को सौंपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध



दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा। पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीज़ा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई। आगे जांच में पाया गया कि उनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है और वे लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। इन गिरफ्तारियों में विदेशी नागरिकों की पहचान कैमरून निवासी फ्रैंक फोटचिंग, रोमियो लूसियन, नाइजीरिया निवासी सैमुएल, माल्क फराडे, इनौसा, घना निवासी इवांस डांसो के रूप में हुई है। पुलिस ने विदेशी नागरिकों को आश्रय देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सभी छह विदेशी नागरिकों को नरेला स्थित सेवा सदन, लैंपुर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। एफआरआरओ के समन्वय में निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नीति 'शून्य सहिष्णुता' के तहत किसी भी व्यक्ति को बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूडानी सेना ने पश्चिमी सूडान में 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से जयादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से जयादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थाई आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की जिम्मेदारी से इनकार किया।

